मोटोरोला ने मोटो जी37 पावर, मोटो.....02
मनमानी फीस,ड्रेस और किताबों की.....05
यूक्रेन को जवाब देने.....05




# देश की रोशनी

RNI No. 64124/96

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

dkr.news@gmail.com

वर्ष- 30 अंक- 318 सीतापुर, रविवार, 24 मई 2026 पृष्ठ-08 मूल्य- 2 रूपया


## मुंबई के खिलाफ गरजने को तैयार सूर्यवंशी




**मुंबई, एजेंसी।**

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन को अपनी सबसे दिलचस्प कहानी एक ऐसे खिलाड़ी में मिली है जिसकी उम्मीद कम ही थी - 15 साल के वैभव सूर्यवंशी - जिनकी जबरदस्त बैटिंग ने राजस्थान रॉयल्स के अभियान को पूरी तरह बदल दिया है और टूनार्मेंट के आखिरी दौर में एक नया आयाम जोड़ दिया है।

सूर्यवंशी का उभार बहुत तेजी से और जोरदार तरीके से हुआ है। अपनी पिछली तीन पारियों में 230 से ज्यादा के शानदार स्ट्राइक रेट से 175 रन बनाकर, इस टीनएजर ने न सिर्फ. लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, बल्कि बड़े दबाव वाले मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए हावी होने की एक अनोखी काबिलियत भी दिखाई है।

### बैटिंग फ्रेंडली पिच पर दिखेगा रनों का महासंग्राम

लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में बनाए गए उनके हालिया 93 रनों ने क्रिकेट जगत में सबका ध्यान खींचा और लीग के सबसे निडर युवा बल्लेबाजों में से एक के तौर पर उनकी साख ■ शेष पेज 06 पर

## दो पैन कार्ड मामले में आजम की सजा बढ़ कर हुयी 10 साल

**रामपुर, एजेंसी।**

रामपुर में दो पैन कार्ड मामले में आजम खां और अब्दुल्ला आजम की सजा बढ़वाने के लिए की गई अपील पर शनिवार को स्थानीय न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया है।एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने आजम खां को पहले सुनाई गई सात साल की सजा को बढ़ाकर अब 10 साल तक कर दिया है। साथ ही पचास हजार रुपए के जुमार्ने को बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया है। वहीं,उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की सात साल की सजा को बरकरार रखा है, लेकिन उनके जुमार्ने की रकम को भी बढ़ाया है।

## दिल्ली-केकेआर के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

**कोलकाता, एजेंसी।**

कोलकाता की उमस भरी शाम में, ईडन गार्डन्स की रोशनियों के बीच, आईपीएल 2026 का 70वां मैच एक ऐसे ट्विस्ट के साथ आया है, जिसकी चर्चा क्रिकेट जगत में हर जगह हो रही है: दिल्ली कैपिटल्स मैच जीत भी सकती है, और फिर भी टूनार्मेंट से बाहर हो सकती है। इस एक बात ने एक आम से लीग मैच को, दबाव से भरे प्लेऑफ के मुकाबले में बदल दिया है।

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए समीकरण सीधा लेकिन सख्त है- जीतो, या घर जाओ। दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह ज्यादा पेचीदा है: बड़ी जीत हासिल करो, फिर इंतजार करो, हिसाब लगाओ, और उम्मीद करो कि दूसरे मैचों के नतीजे उनके पक्ष में जाएं। हो सकता है कि सिर्फ.जीत भी काफी न हो।जैसे-जैसे दोनों टीमें तैयारी कर रही हैं, माहौल किसी लीग मैच जैसा कम, और किसी 'नॉकआउट फाइनल' जैसा ज्यादा लग रहा है।




केकेआर टीम, सीजन के बीच में मिली नई जान के बाद, नए आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतर रही है; इसी नई जान की बदौलत वे पॉइंट्स टेबल के निचले हिस्से से ऊपर उठ पाए हैं। उनका ज्यादातर आत्मविश्वास उनकी 'स्पिन जोड़ी'-

### सबसे ज्यादा रन बनाने वाला बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी टूर्नामेंट से हुआ बाहर

सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती-पर टिका है, जिन्होंने ईडन गार्डन्स को मेहमान बल्लेबाजों के लिए एक धीमा और दम घोंटने वाला जाल बना दिया है। यहाँ फेंकी गई हर 'डॉट बॉल' (बिना रन वाली गेंद) तालियों की गड़गड़ाहट से भी ज्यादा जोरदार लगती है, और हर विकेट ऐसा लगता है, जैसे किसी के गले में फंदा कस रहा हो। हालांकि, उनकी बल्लेबाजी ■ शेष पेज 06 पर

## खास खबर

### मदरसा बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित अरबी व फारसी की मुंशी-मौलवी और आलिम बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 का परिणाम शुक्रवार को दोपहर 3 बजे घोषित कर दिया गया। परिणाम की घोषणा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ने ओम प्रकाश राजभर और दानिश अंसारी ने की। मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे।

### नंदी पर हमले के आरोपी दिलीप मिश्रा की संपत्ति होगी कुर्क

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी पर वर्ष 2010 में हुए आरडीएक्स हमले के मामले में साजिश रचने के आरोपी माफिया एवं हिस्ट्रीशीटर दिलीप मिश्रा की लगभग 43 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी प्रयागराज पुलिस ने पूरी कर ली है। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत की जा रही है। पुलिस के अनुसार कुर्क की जाने वाली संपत्ति नैनी थाना क्षेत्र के छिवकी इलाके में स्थित एक मकान है। प्रशासन का दावा है कि यह संपत्ति आपराधिक गतिविधियों से अर्जित धन से बनाई गई है।गौरतलब है कि 12 जुलाई 2010 को बहादुरगंज इलाके में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी पर रिमोट कंट्रोल बम से हमला किया गया था।

### तेज प्रताप ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगायी हाजिरी

**वाराणसी।** जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लालू प्रसाद यादव के बेटे तेज प्रताप यादव ने शनिवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। हमेशा सुर्खियों में रहने वाले तेज प्रताप यादव जैसे ही मंदिर के बाहर पहुंचे, प्रशंसकों की भीड़ लग गई। उन्होंने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया। उन्होंने देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि के साथ-साथ परिवार की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी वे बाबा के दर्शन करने काशी आते रहे हैं।

## चीन की कोयला खदान में भीषण गैस धमाका

# 90 मजदूरों की मौत!

**बीजिंग, एजेंसी।**

उत्तरी चीन में शांक्सी प्रांत में चांग्झी शहर के पास स्थित लियुशेन्यू कोयला खदान में गैस रिसाव के बाद हुए विस्फोट के कारण 90 लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य जख्मी हुए हैं।चाइना डेली वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार यह हादसा शुक्रवार रात 7:29 बजे हुआ और हादसे के समय खदान में 247 खनिक काम कर रहे थे।

**कई मजदूर अभी भी फंसे**

स्थानीय मीडिया के मुताबिक, माना जा रहा है कि खदान के भीतर कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर सुरक्षा मानकों से काफी ऊपर चला गया था, जिसके चलते यह जोरदार धमाका हुआ। बचाव अधिकारियों ने बताया कि शनिवार दोपहर तक नौ मजदूर अब भी मलबे में फंसे हुए थे और उन्हें निकालने के लिए बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी प्रसारक 'चाइना सेंट्रल टेलीविजन' ने बताया कि घायल हुए कई लोग जहरीली गैस की चपेट में आ गये हैं।




### मोदी ने जताया दुख, राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भेजी संवेदना

चीन के शांक्सी प्रांत में हुए भीषण कोयला खदान हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। इस दुर्घटना में बड़ी संख्या में मजदूरों की मौत होने की खबर सामने आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और वहां के नागरिकों के प्रति संवेदना प्रकट की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि चीन के शांक्सी प्रांत में हुए खनन हादसे में लोगों की मौत की खबर से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने भारत की जनता की ओर से राष्ट्रपति शी जिनपिंग और चीन के लोगों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि इस दुखद घड़ी में शोक संतप्त परिवारों को शक्ति मिले और जो लोग अब भी लापता हैं, उनकी जल्द और सुरक्षित बरामदगी हो।

### शांक्सी सबसे बड़ा कोयला उत्पादक

शुरूआती खबरों में मरने वालों की तादाद कम बतायी गयी थी,चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अधिकारियों को घायलों के इलाज और बचाव कार्य में 'कोई कोर-कसर न छोड़ने' का हुक्म दिया है। इसके साथ ही उन्होंने हादसे की पूरी जांच करने और इसके लिए जिम्मेदार लोगों की सख्त जवाबदेही तय करने की बात कही है।

सीसीटीवी न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि राहत एवं बचाव कार्य जारी है। बचाव मुख्यालय के अनुसार इस घटना से जुड़ी कंपनी 'शांक्सी टोंगझोउ कोल एंड कोक ग्रुप' के ज़िम्मेदार लोगों को कानून अनुपालन ■ शेष पेज 06 पर

## उत्तर प्रदेश में लू का कर्फ्यू, जल्द पड़ेंगी फुहारें

**लखनऊ, एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार जारी है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भीषण लू तथा पश्चिमी हिस्सों में तेज धूलभरी हवाओं और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस बीच प्रचंड गर्मी और लू से शनिवार को भी लोग बेहाल रहे। सुबह 11 बजे से सड़कों पर आमतौर पर सन्नाटा पसर गया। सड़कों पर यातायात सामान्य से काफी कम रहा। इस दौरान व्यवसायिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुयी हैं हालांकि सड़क किनारे बेल का शर्बत,आम का पना, गन्ने का रस,लस्सी,नीबू पानी और कोल्ड ड्रिंक्स बेचने की पौ बारह रहीं। प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में लू का असर रात को भी दिखने लगा है। गर्म हवायें रात को भी सता रही है।मौसम के तल्ख मिजाज के बीच राज्य में बिजली की मांग पीक आवर्स में 30 हजार मेगावाट से अधिक पहुंचने लगी है।

## आरबीआई ने भरी मोदी सरकार की झोली

### आरबीआई केंद्र सरकार को देगा 2,86,588 करोड़ रुपये




**देश की रोशनी, संवाददाता।**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) लेखा वर्ष 2025-26 की अपनी शुद्ध आय में से 2,86,588.46 करोड़ रुपये केंद्र सरकार को हस्तांतरित करेगा। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 623वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए रिजर्व बैंक के वार्षिक खातों पर विचार-विमर्श किया। जोखिम प्रावधान और वैधानिक निधियों में हस्तांतरण से पहले बैंक की शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025-26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही जिसमें वर्तमान व्यापक आर्थिक

### यह अब तक का सबसे बड़ा वार्षिक अधिशेष हस्तांतरण है

परिस्थितियों, बैंक के वित्तीय प्रदर्शन और उपयुक्त जोखिम बफर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1,09,379.64 करोड़ रुपये आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) में स्थानांतरित करने और लेखा वर्ष 2025-26 के लिए 2,86,588.46 करोड़ रुपये की अधिशेष राशि केंद्र सरकार को हस्तांतरित करने की मंजूरी दी। संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचा (ईसीएफ) सीआरबी को बैलेंस शीट के आकार के 4.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत ■ शेष पेज 06 पर

## पेट्रोल-डीजल, सीएनजी फिर महंगी

### 10 दिनों में तीसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम, पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे और महंगा




**नयी दिल्ली, एजेंसी।**

पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में शनिवार को एक बार फिर बढ़ोतरी की गयी है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज से पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। दूसरे शहरों में भी इसी अनुपात में वृद्धि की गयी है। चार-चार दिन के अंतराल पर दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम लगातार तीसरी बार बढ़ाये गये हैं।

### 10 दिन में महंगाई का तीसरा अटैक!

दिल्ली और आसपास के शहरों में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने आज से सीएनजी के दाम दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ा दिये हैं। नौ दिन में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले, 15 मई को भी कंपनी ने सीएनजी के दाम दो रुपये प्रति किलोग्राम ■ शेष पेज 06 पर

## जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डिंपल

**मैनपुरी, एजेंसी।**

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद डिंपल यादव ने विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक आसानी से पहुंचाया जाए तथा जनहित के कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहां सड़कों और सीसी रोड की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए।

## एहसान फरामोश निकला ताइवान

# दिया भारत को धोखा!

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**

जिस ताइवान को भारत ने हमेशा चीन के दबाव के खिलाफ डिप्लोमेटिक सपोर्ट दिया। आज उसी ताइवान में आपको बता दें कि भारतीयों के खिलाफ पोस्टर लगाए जा रहे हैं। पोस्टर में भारत का झंडा उल्टा दिखाया गया। एक भारतीय आदमी को पगड़ी में दिखाया गया और इतना ही नहीं बड़े अक्षरों में लिखा गया इंडियंस डोंट कम हियर। यानी अब इंडियंस के खिलाफ भारतीयों के खिलाफ नफरत ताइवान



में साफ नजर आ रही है और यह सीधा चुनावी मुद्दा यहां पर बन गया है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या ताइवान भी अब भारत विरोधी

### पहले ली मदद, फिर दिया धोखा

राजनीति से वोट बटोरना चाहता है क्योंकि यह कोई आइसोलेटेड घटना नहीं है।

साल 2023 में भी ताइवान में भारतीय वर्कर्स के खिलाफ प्रोटेस्ट हुए। सोशल मीडिया पर कैंपेन चलाया गया। इंडियंस डोंट कम हियर। यह सब तब हुआ जब ताइवान खुद भारत से 1 लाख स्किल्ड वर्कर्स बुलाने की तैयारी कर रहा था। ■ शेष पेज 06 पर

### यूपी में गांवों की सड़कों की बदलेगी सूरत, केशव मौर्य ने कहा-

## अब नई तकनीक का होगा इस्तेमाल

**लखनऊ, एजेंसी।**



**सड़कें बनेंगी मजबूत, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल।**

प्रदेश में ग्रामीण सड़कों के निर्माण और नवीनीकरण में अब अत्याधुनिक एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को इस तकनीक के आधार पर शत-प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

शनिवार को ग्रामीण सड़क परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ने का लक्ष्य तेजी से पूरा किया जा रहा ■ शेष पेज 06 पर

## पुलिस ने मात्र नौ मिनट में घटनास्थल पर पहुंच कर बचायी युवक की जान

**इटावा, एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में सोशल मीडिया पर आत्महत्या संबंधी पोस्ट की सूचना मिलने पर जसवंतनगर पुलिस ने मात्र नौ मिनट में मौके पर पहुंचकर एक युवक की जान बचा ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि जसवंतनगर निवासी 38 वर्षीय सत्यदेव सिंह ने अपनी पत्नी के साथ फोटो साझा करते हुए फेसबुक पर लिखा था, मैं हार गया हूं भैया, मैं क्लेश सहन नहीं कर सकता, आज मैं अपनी जिंदगी खत्म कर रहा हूं, सभी से हाथ जोड़कर विनती है, मुझसे हुई गलती को माफ कर देना।

### उत्तर प्रदेश में लागू होगी बाल श्रमिक विद्या योजना

# कामगार बच्चों को पढ़ायेगी योगी सरकार

**लखनऊ, एजेंसी।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहाँ अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में श्रम एवं सेवायोजन विभाग की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में श्रमिक कल्याण, कौशल विकास तथा रोजगार सृजन को और अधिक व्यापक व परिणामोन्मुखी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। मुख्यमंत्री जी ने बाल श्रमिक विद्या



योजना को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में विस्तारित करने, सेवामित्र व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, निर्माण श्रमिकों के लिए बड़े शहरों में आधुनिक श्रमिक सुविधा केन्द्र विकसित करने तथा रोजगार मिशन को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्रमिक

### सेवायोजन विभाग आधुनिक एवं डिजिटल रोजगार तंत्र बने: योगी आदित्यनाथ

केवल उत्पादन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। श्रमिकों, युवाओं और कमजोर वर्गों को सम्मानजनक जीवन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित कार्य वातावरण और बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता ■ शेष पेज 06 पर

# एल.पी.एस. द्वारा मेधा सम्मान समारोह 2026 का भव्य आयोजन



देश की रोशनी, संवाददाता।

लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज द्वारा आज श्री रामलाल मेमोरियल प्रेक्षागृह, गोमती नगर में ₹मेधा सम्मान समारोह 2026₹ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें आईसीएसई, आईएससी, सीबीएसई एवं यू.पी. बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 542 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को संस्थापक चेयरमैन डॉ0 एस.पी. सिंह (सांसद) द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त आई.ए.एस., पी.सी.एस. व अन्य बड़े पदों पर आसीन 22 पूर्व छात्रों एवं उनके अभिभावकों को स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। ए-ब्लॉक, राजाजीपुरम शाखा के आईसीएसई (कक्षा 10) के शिवम अवस्थी 99.8% अंकों के साथ देश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर ₹1.50 लाख का चेक, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह, सहारा स्टेट्स शाखा के शवीर प्रकाश श्रीवास्तव को 99% अंक प्राप्त करने पर ₹50,000 का चेक, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह, आईएससी (कक्षा 12) में ए-ब्लॉक, राजाजीपुरम शाखा की समृद्धि द्विवेदी (99.25%), इकरा आलम (99.25%) व जूही चौधरी (99%) को ₹50,000-₹50,000 के चेक, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

एल.पी.एस. सीतापुर के सीबीएसई (कक्षा 12) के श्रेयांश सिंह (99%) को जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ₹50,000 का चेक, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। बी ब्लॉक, राजाजीपुरम शाखा के यू.पी. बोर्ड (कक्षा 12) की आर्ची सिंह (93%) अंकों के साथ लखनऊ जनपद में द्वितीय स्थान, भैरवी मौर्या (92.4%) अंकों के साथ तृतीय स्थान तथा समीक्षा राजपूत (91%) अंकों के साथ पांचवां स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

## सई में स्नान करते समय गहरे पानी में समाई युवती, मौत

देश की रोशनी, संवाददाता।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सई नदी में स्नान करते समय गहरे पानी में समा जाने से युवती की मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि संयोगात मौजूद एक किशोर के साहस के चलते दो युवतियों की जान बच गयी। लालगंज कोतवाली के उधरनपुर गांव में शनिवार की सुबह तीन लड़कियां सई के लोहारन का पुरवा घाट पर स्नान करने गयी थी। नहाते समय तीनों युवतियां अचानक गहरे पानी में डूबने लगी। संयोगात गांव का एक सोलह वर्षीय किशोर सागर नदी में नहा रहा था। लड़कियों को डूबता देख सागर ने साहस दिखलाते हुए रंजना 24 तथा काजल 18 पुत्रीगण राजकुमार कोरी को बचा लिया। हालांकि सतीश कोरी की उन्नीस वर्षीय पुत्री गरिमा गहरे पानी में समा गयीं। इधर गरिमा और रंजना तथा काजल काफी देर तक घर नही पहुंची तब परेशान परिजन तलाश में जुट गये। लड़कियों के सई में डूबने की बात गांव पहुंची तब गांव व आसपास के ग्रामीण काफी संख्या में घाट पर एकत्रित हो गये। इधर गरिमा को घंटो सई में खोजबीन के बाद बाहर निकाला जा सका।

# मोटोरोला ने मोटो जी37 पावर, मोटो जी37 और मोटो बडस 2 को लॉन्च करने की घोषणा की

देश की रोशनी, संवाददाता।

**कानपुर।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की वैश्विक दिग्गज और भारत के अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज अपना नया मोटो जी37 पावर, मोटो जी37 और मोटो बडस 2 को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह पावरफुल लाइनअप किफायती कीमत पर सेगमेंट की सबसे दमदार बैटरी फास्ट 5जी व बेहतरीन परफॉर्मेंस शानदार एंटरटेनमेंट और बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी के साथ स्मार्टफोन के अनुभव को एक नया रूप देने के लिए तैयार किया गया है।




अपने सेगमेंट में सबसे पावरफुल फोन के रूप में पेश किया गया मोटो जी37 पावर इस सेगमेंट की सबसे बेस्ट 7000 एमएएच बैटरीए मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6400 प्रोसेसर द्वारा संचालित जबरदस्त 5जी परफॉर्मेंस गोरिल्ला ग्लास 7 आई की सुरक्षा के साथ सबसे मजबूत ड्यूरेबिलिटी एक शानदार 120 हट्र्ज डिस्प्ले 50 मेगापिक्सल का बेहतरीन एआई.पावर्ड क्वाड.पिक्सेल कैमरा सिस्टम और डॉल्बी एटमॉस स्टीरियो स्पीकर्स के साथ बेहतरीन ऑडियो एक्सपीरियंस को एक स्टाइलिश वीगन लेदर डिजाइन में समेटे हुए है। इस स्मार्टफोन के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए बिल्कुल नए मोटो बडस 2 को भी लॉन्च किया गया है जो बिना किसी प्रीमियम कीमत के ड्यूल ड्राइवर्स 55डीबी तक के डायनैमिक एक्टिव नॉइज कैंसलेशन ;एएनसी हाई.रेजोल्यूशन ऑडियो इंटेलिजेंट कनेक्टिविटी और पूरे दिन के आराम के साथ दमदार व बेहतरीन साउंड देने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

मोटो जी37 पावर अपने सेगमेंट.बेस्ट 7000एमएएच बैटरी के साथ रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए बेहद लंबी बैटरी लाइफ देने का वादा करता है जो सिंगल चार्ज पर 3 दिनों तक 62 घंटे तकद्ध का शानदार बैकअप देती है। लंबे समय तक भरोसेमंद परफॉर्मेंस के लिए इसमें 33 वाट टर्बो पावर चार्जर इंटेलिजेंट बैटरी केयर टेक्नोलॉजी और सालों.साल बैटरी हेल्थ व पीक परफॉर्मेंस बनाए रखने के लिए 1200 चार्ज साइकिल्स का सपोर्ट दिया गया है। अपनी बेहतरीन पावर ऑप्टिमाइजेशन तकनीक के साथ मोटो जी37 पावर लगातार मल्टी.टास्किंग शानदार एंटरटेनमेंट स्मूथ प्रोडक्टिविटी और हर रोज बिना किसी रुकावट के कनेक्टिविटी सुनिश्चित करता है। मोटो जी37 पॉवर को पावर देने के लिए मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6400 प्रोसेसर लगा गया है जो 6एनएम आर्किटेक्चर पर बना है। यह तेज 5जी परफॉर्मेंस स्मूथ मल्टीटास्किंग और रोजमर्रा के इस्तेमाल में विश्वसनीय रिस्पॉन्सिवनेस प्रदान करता है।

फोन में 8जीबी इनबिल्ट रैम के साथ एआई पावर्ड रैम बूस्ट के जरिए कुल 24 जीबी रैम तक मिलता है जिससे यूजर्स आसानी से ऐप्स के बीच स्विच कर सकते हैं और बेहतर मल्टीटास्किंग का मजा ले सकते हैं। स्मार्टफोन गूगल के इंटेलिजेंट फीचर्स जैसे सर्कल टु सर्च विद गूगल और जेमिनाई भी लाता है जो जानकारी तक तेजी स्मार्ट तरीके और ज्यादा सहज पहुंच प्रदान करते हैं। मौटो जी 37 पॉवर यूजर्स को बेफिक्र एक्सप्लोर करने का आत्मविश्वास देता है। इसमें कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 7 आई की उच्चतम सुरक्षा एमएम.एसटीडी.810 एच मिलिट्री.ग्रेड सर्टिफिकेशन एसजीएस टेस्टेड प्रोटेक्शन और आईपी 64 वॉटर रेसिस्टेंस के साथ सेगमेंट की सबसे बेहतरीन ड्यूरेबिलिटी दी गई है।

## खास खबर

### 25 मई से 10 जून तक होगा मुफ्त राशन वितरण

**अयोध्या।** जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा ने जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को सूचित किया है कि माह जून 2026 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत नियमित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 25 मई 2026 से शुरू होकर 10 जून 2026 तक किया जाएगा।जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाएगा, जिसमें 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम चावल शामिल रहेगा।

### लक्ष्मण घाट चौकी इंचार्ज पर मनमानी और शोषण के आरोप

**अयोध्या-** अयोध्या में थाना कोतवाली क्षेत्र की लक्ष्मण घाट चौकी के इंचार्ज रोहित कुमार पांडे एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। भाजपा युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री राजन ने आरोप लगाया है कि उनकी गाड़ी को बिना उचित कारण और बिना किसी विशेष चेकिंग अभियान के निर्देश के सीज कर दिया गया।जानकारी के अनुसार वाहन अशर्फी भवन चौराहे के पास एक रेस्टोरेंट के बाहर होम डिलीवरी के लिए खड़ा था। इसी दौरान चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और चालक से गाड़ी की चाबी मांगी। चालक द्वारा तत्काल चाबी न देने पर पुलिस ने वाहन को सीज कर थाने भेज दिया।वाहन मालिक का कहना है कि सूचना मिलने के बाद वह करीब 15 मिनट में मौके पर पहुंच गया था .

### आपातकाल में जान बचाने के गुर सीख पत्रकार हुए प्रशिक्षित

**अयोध्या।** सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब अयोध्या में शनिवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) और मेदांता अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा पत्रकारों के लिए सीपीआर, कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आपातकालीन स्थिति, जैसे कार्डियक अरेस्ट, दिल का दौरा और सड़क दुर्घटना के दौरान घायल व्यक्ति की जान बचाने के प्राथमिक उपायों की जानकारी दी गई।

# पहली बार लखनऊ में आयोजित हुआ ICAI कॉन्वोकेशन, नव-योग्य सीए हुए सम्मानित

देश की रोशनी, संवाददाता।

**लखनऊ-** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल (CIRC) की लखनऊ शाखा द्वारा कॉन्वोकेशन मई 2026 का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन हॉलीडे इन लखनऊ एयरपोर्ट में सम्पन्न हुआ। समारोह में नव-योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित करते हुए उनके पेशेवर जीवन की नई शुरूआत का उत्सव मनाया गया।




यह प्रतिष्ठित आयोजन क्ळअक के मेंबर्स एवं स्टूडेंट्स सर्विसेज डायरेक्टरेट के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नव-योग्य सीए, उनके अभिभावक, परिवारजन, वरिष्ठ सदस्य एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह का माहौल उत्साह, गर्व और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा।कार्यक्रम में सीए ज्ञान चंद्र मिश्रा, माननीय सेंट्रल काउंसिल सदस्य; सीए अंकुर गोयल, अध्यक्ष, CIRC ऑफ ICAI; सीए अश्वनी जायसवाल, अध्यक्ष, लखनऊ शाखा, CIRC ऑफ ICAI; तथा सीए आशीष गुप्ता, सचिव, लखनऊ शाखा, CIRC ऑफ क्ळअक की विशेष उपस्थिति रही। इसके अलावा शाखा के पूर्व अध्यक्षगण एवं वरिष्ठ सदस्यों ने भी समारोह की गरिमा बढ़ाई।

अपने संबोधन में वक्ताओं ने नव-योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को बधाई देते हुए कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंसी केवल एक पेशा नहीं, बल्कि नैतिकता, अनुशासन, विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

उन्होंने युवा पेशेवरों को निरंतर सीखने, तकनीकी दक्षता विकसित करने तथा पेशेवर उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। पदाधिकारियों ने कहा कि सीए पेशा हर व्यक्ति को उसकी प्रतिभा, परिश्रम और समर्पण के आधार पर आगे बढ़ने का समान अवसर प्रदान करता है। साथ ही उन्होंने नव-योग्य सीए से देश की आर्थिक प्रगति, वित्तीय पारदर्शिता एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

## मां शांति सेवा फाउंडेशन ने पक्षियों के लिए लगाए पानी के प्याले

देश की रोशनी, संवाददाता।

**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए साकेत महाविद्यालय परिसर में पानी के प्याले पेड़ों पर लटकाए गए तथा लोगों को भी वितरण किए गए।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजीव रंजन, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. दानपति तिवारी, अतिथि डॉ. बीके सिंह एवं संस्था के संस्थापक बसंत राम ने संयुक्त रूप से प्यालों में पानी भरकर किया।राजीव रंजन ने कहा कि सभी लोगों को सामाजिक जीवन का हिस्सा बनकर जरूरतमंद मानवों और पशु-पक्षियों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। इससे समाज में जागरूकता बढ़ती है और आत्मसंतुष्टि मिलती है।डॉ. बीके सिंह ने संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सदस्यों को बधाई दी।

# शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सफल आयोजन पर विधायक चंद्रभानु पासवान ने जताया आभार

**लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद, ऐतिहासिक भण्डारे की पूरे जिले में हो रही चर्चा**

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान के निज आवास ग्राम परसौली में नवनिर्मित श्री शिव मंदिर में आयोजित श्री शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र सहित दूर-दराज से लाखों की संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी शामिल हुए।पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव के शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में लाखों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।कार्यक्रम के सफल समापन के बाद विधायक



चंद्रभानु पासवान ने सभी आगंतुकों, श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इतनी भारी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने और आयोजन को सफल बनाने के लिए वह सभी क्षेत्रवासियों और प्रियजनों के प्रति हृदय से धन्यवाद एवं हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग, स्नेह और आशीर्वाद से ही यह धार्मिक आयोजन इतना भव्य, सफल और आनंदमय बन सका। कार्यक्रम में लोगों की श्रद्धा और उत्साह ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। विधायक ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी कार्यकताओं, समिति सदस्यों और स्थानीय लोगों के योगदान की सराहना करते हुए उनका विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।समारोह के दौरान भक्ति गीतों, पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के बीच पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा।

# जनगणना में योगदान के लिए शिक्षिका को मिला सम्मान



देश की रोशनी, संवाददाता।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील सभागार में शनिवार को जनगणना अभियान में सराहनीय योगदान के लिए प्रगणक को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व तहसीलदार गरिमा वर्मा ने जनगणना कार्य को एक ही दिन में पूरा करने के लिए शिक्षिका को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड में एचएलओ स्मृति मिश्रा द्वारा एचएलबी संख्या ग्यारह सौ छाछठ की जनगणना का कार्य एक दिन में सम्पन्न किया गया। स्मृति लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के रावतपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका पद पर तैनात हैं। स्मृति द्वारा एक सौ चौरान्नवे घरों की गणना एक दिन में पूर्ण किया गया है। इस मौके पर अमीन संघ अध्यक्ष आशुतोष सिंह, सुरेश यादव, रश्मि आदि मौजूद रहे।

# बॉन ग्रुप ने लखनऊ में आयोजित किया आरोहण-डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर मीट, नए और रोमांचक उत्पाद लॉन्च की घोषणा

देश की रोशनी, संवाददाता।

**लखनऊ-** भारत के प्रमुख एफएमसीजी फूड ब्रांड्स में से एक, बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज ने लखनऊ में अपना प्रतिष्ठित डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर मीट सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कंपनी के मूल्यवान चैनल पार्टनर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और लीडरशिप टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विकास का उत्सव मनाना, साझेदारियों को मजबूत करना और आगामी सीजन के लिए नए एवं रोमांचक उत्पाद नवाचारों का अनावरण करना था।

यह कार्यक्रम बॉन ग्रुप की अपने डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क के साथ मजबूत संबंध बनाने तथा प्रमुख बाजारों में सहयोगात्मक विकास के नए अवसर सृजित करने




की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेतृत्व सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें श्री शांतनु गोस्वामी, महाप्रबंधक- मार्केटिंग; श्री नवदीप चड्ढा, उपाध्यक्ष झ्र सेल्स; श्री अजय चतुर्वेदी, उप महाप्रबंधक झ्र सेल्स; और श्री सुखप्रीत सिंह, मार्केटिंग मैनेजर शामिल थे। उन्होंने पार्टनर्स के साथ निकटता से संवाद किया और कंपनी के निरंतर विकास एवं बाजार नेतृत्व के रोडमैप को साझा किया।इस अवसर पर बोलते हुए, श्री नवदीप चड्ढा, उपाध्यक्ष सेल्स ने कहा, हमारे डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स, बॉन ग्रुप की सफलता की रीढ़ हैं।

उनका विश्वास, प्रतिबद्धता और बाजार की समझ लगातार हमें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में मदद कर रही है।श्री शांतनु गोस्वामी, महाप्रबंधक झ्र मार्केटिंग ने कहा, ह्लउपभोक्ताओं की पसंद तेजी से बदल रही है, और इनोवेशन हमारी रणनीति के केंद्र में बना हुआ है। नॉर्थईस्ट के लिए टॉप और पूरे भारत के बाजारों के लिए मैंगो फ्लेवर बिस्किट फ्लक जैसे लॉन्च के साथ, हमारा उद्देश्य उपभोक्ताओं के साथ मजबूत जुड़ाव बनाना और अपने चैनल पार्टनर्स को रोमांचक विकास के अवसर प्रदान करना है।यह मीट बॉन ग्रुप के डिस्ट्रीब्यूशन इकोसिस्टम को मजबूत करने और पार्टनर्स को मौजूदा तथा उभरते बाजारों में ब्रांड की पहुंच को और तेजी से बढ़ाने के लिए प्रेरित करने पर केंद्रित रही।

इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण नए और रोमांचक उत्पाद नवाचारों की शुरूआत रही, जिनका उद्देश्य भारतभर में उपभोक्ताओं की बदलती पसंद को ध्यान में रखते हुए उन्हें बेहतर विकल्प प्रदान करना है।अमेरिकाना बिस्किट्स ने गर्व के साथ टॉप लॉन्च किया, जिसे विशेष रूप से स्वाद में टॉप और कुरकुरापन नॉन-स्टॉप के जीवंत वादे के साथ तैयार किया गया है। इस लॉन्च को चैनल पार्टनर्स से बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जिन्होंने कंपनी की केंद्रित क्षेत्रीय रणनीति और स्थानीय पसंद के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता की सराहना की।

# विद्युत कटौती व डीजल पेट्रोल के दामों में बढ़ोत्तरी भाजपा सरकार की सबसे बड़ी असफलताः मोना

**कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता ने क्षेत्रवासियों को सौंपी सड़क सौगात, विविध कार्यक्रमों में हुई शामिल**

देश की रोशनी, संवाददाता।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शनिवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के लोगों को विधायक निधि से निर्मित साढ़े चौदह लाख की लागत से इण्टरलाकिंग सड़कों की सौगात सौंपी। वहीं उन्होने दुग्ध उत्पादकों के संवाद कार्यक्रम में रामपुरखास में लघु रोजगार के ढांचे को मजबूत बनाने पर जोर दिया। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने एक दिवसीय दौरे में प्रदेश खासकर जिले में चरमराई विद्युत व्यवस्था को लेकर सरकार की तगड़ी घेराबंदी भी की। रोहाड़ा में आयोजित जनसभा में बोलते हुए विधायक मोना ने कहा कि प्रदेश में सरकार के प्रबंधन में खामी के चलते आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त है। उन्होने कहा कि भीषण गर्मी में पूरे प्रदेश के साथ प्रतापगढ़ और रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप होने से लोग परेशान हैं। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने डीजल एवं पेट्रोल तथा सीएनजी के दामों में रोज बढ़ोत्तरी को भी बढ़ती मंहगाई पर जनता के लिए असहनीय दर्द और बोझ कहा है। उन्होने कहा कि बिजली व्यवस्था पंगु है तथा डीजल व पेट्रोल एवं सीएनजी के दामों मे रोज बढ़ोत्तरी से बाजार में आम जनता से जुड़ी चीजें और मंहगी होती जा रही है। उन्होने मंहगाई और बिजली के कुप्रबंधन के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार खरी खोटी सुनाते हुए इसके लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। क्षेत्र के रोहाड़ा गांव में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने रग्घू का पुरवा के लिए एक सौ चालीस मीटर लम्बे नौ लाख की लागत से इण्टरलाकिंग रोड का लोकार्पण किया। वहीं कलापुर में भी उन्होने साढ़े पांच लाख की लागत से विधायक निधि से निर्मित सौ मीटर इण्टरलाकिंग रोड का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। विधायक मोना के हाथों सड़क सौगात पाकर बड़ी संख्या में कार्यक्रम



में मौजूद महिलाओं में खुशी देखी गयी। दुग्ध उत्पादकों के साथ संवाद कार्यक्रम में सीएलपी नेता आराधना मिश्रा ने कहा कि रामपुरखास में सांसद प्रमोद तिवारी के सहयोग से सड़क तथा बिजली व पानी एवं शिक्षा के बेहतर प्रबन्ध इस क्षेत्र को रोजगार की दिशा में आकर्षण का पैकेज प्रदान करना है। उन्होने कहा कि विकास के साथ साथ यह क्षेत्र हर व्यक्ति के मान सम्मान की भी श्रेष्ठता की मिसाल है। वहीं विधायक मोना ने दुग्ध उत्पादन एसोसिएसन द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में युवाओं तथा महिलाओं को आर्थिक क्षेत्र में स्वावलंबन के लिए लघु उद्योगों के संचालन को बढ़ाने की बात कही। संवाद कार्यक्रम का संयोजन रोहित तिवारी एवं शिवम शर्मा ने किया। जनसभा की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज व संयोजन पूर्व प्रधान भइयाराम तिवारी तथा रामचंद्र तिवारी ने किया। पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र सिंह ददन तथा ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र ने जनसभा में क्षेत्रीय विकास से जुड़ी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। संचालन साहित्यकार हरि बहादुर सिंह हर्ष ने किया। इसके पहले गांव पहुंचने पर सैकडों ग्रामीण महिलाओं ने विधायक आराधना मिश्रा मोना का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अचकवापुर, ओझा का पुरवा, वीरसिंहपुर तथा भकरा में भी लोगों से मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास में सहयोग मांगा। विधायक मोना अझारा गांव में आयोजित अच्छेलाल मिश्र के संयोजन में श्रीशिवमहापुराण कथा में भी शामिल हुई। इस मौके पर गेंदा लाल शर्मा, राम सुंदर सरोज, नन्हें खां, छोटे सिंह, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, कबीरदास कोरी, समरजीत सिंह, हरिपाल ओझा, राजेश शुक्ला, पप्पू तिवारी, अतुल शुक्ल, देशराज यादव, सत्येन्द्र सिंह आदि रहे। वहीं विधायक मोना ने लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई भी की। यहां उन्होने पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन सृजन अभियान की समीक्षा भी की। इस दौरान प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, भुवनेश्वर शुक्ल, छोटे लाल सरोज, आशीष कौशल, दारा सिंह, अतुल सिंह, रामू मिश्र, हृदय नारायण मिश्र, राजू पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, राकेश चतुर्वेदी, अभिनव शुक्ल, त्रिभु तिवारी, सिंटू मिश्र, अजय शुक्ल गुड्डू, आरपी वर्मा आदि रहे।

# आरटीआई का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी : राज्य सूचना आयुक्त

## लखीमपुर खीरी में आरटीआई क्रियान्वयन को लेकर अटल सभागार में हुई अहम बैठक, पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर

देश की रोशनी, संवाददाता।



**लखीमपुर खीरी।** सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, शासन व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण को लेकर राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम का मूल उद्देश्य आमजन को समय से और सरल तरीके से सूचना उपलब्ध कराना है, जिससे शासन व्यवस्था में पारदर्शिता स्थापित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों को सूचना उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आरटीआई के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निस्तारण अनिवार्य रूप से 30 दिनों की निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। किसी भी स्थिति में आधी-अधूरी, भ्रामक अथवा टालमटोलपूर्ण सूचना न दी जाए, बल्कि तथ्यपरक एवं बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराई जाए।राज्य सूचना आयुक्त ने प्रथम अपीलीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे प्राप्त अपीलों का गंभीरता से परीक्षण करते हुए अपने स्तर पर ही उनका समयबद्ध एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरणों को राज्य सूचना आयोग तक न जाना पड़े।उन्होंने सभी कार्यालयों में आरटीआई आवेदनों एवं अपीलों का तिथिवार एवं क्रमवार रजिस्टर संधारित करने के निर्देश भी दिए, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनी रहे।बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम अर्चना ओझा, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह सहित सभी नामित जनसूचना अधिकारी मौजूद रहे।

**मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुई आरटीआई पर गोष्ठी, पारदर्शिता पर जोर**

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में शनिवार को आरटीआई अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गोष्ठी आयोजित की गई।राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश ने संस्थान पहुंचकर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं एमबीबीएस छात्रों को अधिनियम की जानकारी दी। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा अरविंद गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम का उद्देश्य नागरिकों को समयबद्ध, सरल एवं पारदर्शी सूचना उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि आरटीआई आवेदनों एवं शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। *इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता ने कहा कि सूचना आयोग का उद्देश्य देश में सुशासन एवं पारदर्शिता की स्थापना करना है। उन्होंने गोष्ठी के आयोजन को उपयोगी एवं मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य डॉ. राजेश झिंगरान सहित संकाय सदस्य उपस्थित रहे।*

**संचालन डॉ. इन्द्रेश राजावत ने किया।**

## अघोषित कटौती से आमजन त्रस्त

देश की रोशनी, संवाददाता।

**महमूदाबाद, सीतापुर।** बिजली की अघोषित कटौती से आमजन त्रस्त है। पूरी-पूरी रात लोग विद्युत आपूर्ति बाधित होने से चलते सो नहीं पा रहे हैं। नगर के पैगंबरपुर, कटरा, संगत किला, पाड़ेहाता, कुरेर्सी मार्ग में एमसीबी खराब हो जाने से बिजली की पूरी रात आवाजाही लगी रही। नगर में फाल्ट दुरूस्त करने के लिए महज दो कर्मचारी तैनात हैं जिसके चलते समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। शिवाजीमार्ग पर बेचू पहलवान गेस्ट हाउस के सामने एमसीबी फुंक गई जिससे पूरी रात आपूर्ति बाधित रही। दो नंबर फीडर 11 बजे जल गया जिसके चलते भट्ठा, राजारोड व महमूदाबाद खास की आपूर्ति पूरी रात बाधित रही। नकरसेन में पिछले छह दिनों से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। ग्रामीण रामकुमार, हरशिंकर, शीवेंद्र, विवेक ने आरोप लगाया कि संविदा लाइनमैन पैसों की मांग कर रहा है, पैसे न मिलने के चलते ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा रहा है। ऐसे में ग्रामीण भीषण गर्मी दिन में पेड़ों के नीचे तथा रातें हांथ के पंखे चलाकर गुजारने को विवस हैं।

# डीएम के निरीक्षण में मिला 58 आवासों पर कब्जा



निरीक्षण करते डीएम।

देश की रोशनी, संवाददाता।

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने नगर पालिका बिसवां स्थित काशीराम कॉलोनी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिसवां द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि 157 आवास है जिसमें से 13 ब्लॉक है तथा 99 आवासों का आवंटन पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि 58 आवासों पर कब्जा हैं, कब्जेदारों पर नोटिस जारी कर दी गई है। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बिसवां एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिसवां को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द आपात्रों से आवास खाली कराये जाएं तथा पात्र व्यक्तियों को ही आवास आवंटित किया जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों की जांच सही से की जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि आवासों में शुद्ध पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिससे यहां पर रहने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां आकांक्षा गौतम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिसवां सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खास खबर

### नदी में डूबे युवक का 24 घंटे बाद मिला शव

**अंबेडकरनगर।** राजेसुल्तानपुर क्षेत्र के चांडीपुर खुर्द घाट पर बहन के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए युवक का शव सरयू नदी में डूबने के 24 घंटे बाद मिल गया है। एसडीआरएफ गोरखपुर की टीम ने शनिवार को भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच करीब दस घंटे तक सर्च अभियान चलाया, जिसके बाद घटनास्थल से लगभग डेढ़ किमी दूर शव मिला है। आजमगढ़ के शिवपुर देवारा गांव निवासी सुरेश राजभर (39) शुक्रवार दोपहर बाद अपनी चचेरी बहन के अंतिम संस्कार में शामिल होने राजेसुल्तानपुर क्षेत्र के चांडीपुर खुर्द घाट आए थे।

### जांच में 102 नमूनों में से 13 फेल, कारोबारियों को चेतावनी

**अंबेडकरनगर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से चलाए गए दिवसीय अभियान में जहांगीरगंज सहित आठ स्थानों पर 61 खाद्य दुकानों से 102 नमूनों की जांच की गई। जांच में विभिन्न खाद्य पदार्थों के13 नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे।मोबाइल प्रयोगशाला वैन के माध्यम से की गई जांच में बेसन लड्डू और सोन पापड़ी सहित छह नमूने खाद्य रंग की अधिक मात्रा के कारण फेल हो गए। इसके अलावा मिठाइयों के तीन नमूने स्टार्च मिलाने और मसालों के चार नमूने भी मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। विभाग ने संबंधित खाद्य कारोबारियों को नमूनों में पाई गई कमियों के बारे में जागरूक किया और सुधार लाने के लिए निर्देश दिए।

### तापमान 43 डिग्री के पार, गर्मी से जनजीवन बेहाल

**अंबेडकरनगर।** जिले में भीषण गर्मी का सितम लगातार जारी है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे जिला मुख्यालय अकबरपुर सहित पूरा इलाका तपती भट्टी में तब्दील हो गया। सुबह आठ बजे से ही धूप के कड़े तेवर दिखने लगे थे, जबकि दोपहर होते-होते सड़कों पर निकलना लोगों के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया। झुलसाने वाली गर्म हवा और उमस ने आम जनजीवन को बेहाल कर दिया। भीषण गर्मी के कारण शहर के बाजारों, बस अड्डों और सार्वजनिक स्थानों पर लोग पसीने से तरबतर नजर आए।

# थाना समाधान दिवस : थाना शारदानगर में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

देश की रोशनी, संवाददाता।



**लखीमपुर खीरी।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने थाना शारदा नगर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

समाधान दिवस में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ सिटी विवेक तिवारी, नायब तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक बृज मोहन सैनी, राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## पंपों पर ईंधन नहीं, भटकते रहे लोग

अंबेडकरनगर।

जिले में इन दिनों बिजली संकट के साथ-साथ पेट्रोल और डीजल की किल्लत ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अधिकतर पेट्रोल पंपों पर रात के समय डीजल-पेट्रोल मिलना मुश्किल हो गया है। दिन में भी कई पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। बढ़ती गर्मी और बिजली कटौती के कारण जनरेटरों का उपयोग बढ़ गया है जिससे डीजल की मांग अचानक बढ़ी है। लोगों को रात में कई किलोमीटर दूर तक पेट्रोल-डीजल की तलाश में भटकना पड़ रहा है। अकबरपुर शहर में शुक्रवार की रात नौ बजे ही टांडा मार्ग से लेकर अयोध्या मार्ग तक ज्यादातर पंपों पर पेट्रोल-डीजल की बिक्री रोक दी गई थी। रात करीब नौ बजे टांडा मार्ग पर देवांश फिलिंग स्टेशन के कर्मचारियों ने ईंधन न होने की बात कहकर वाहन चालकों को लौटाना शुरू कर दिया।

# ससुर की हत्या का आरोपी दामाद गिरफ्तार, आलाकत्ल भी बरामद

## फरारी के दौरान सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर हत्या की वजह बताई थी

देश की रोशनी, संवाददाता।



**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी के मोहल्ला जिन्सी अरनीखाना में ससुर की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी दामाद कमल को थाना खीरी स्त्र्ड्ड्र ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल के साथ पकड़कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना खीरी में दर्ज मुकदमा संख्या 349/26 धारा 103(1)/3(5) बीएनएस के तहत पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना अध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को झलरिया जाने वाले मार्ग पर क्रॉसिंग से पहले गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान कमल पुत्र शिवकुमार निवासी जिन्सी अरनीखाना थाना व जिला खीरी के रूप में हुई है। बताया गया कि गुरुवार रात करीब 10 बजे हनिया टोला निवासी गणेश की उनके दामाद कमल ने लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। दूसरे दिन आरोपी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उसने पारिवारिक विवाद और पुरानी रंजिश के चलते हत्या करने की बात कबूल की थी।मृतक की पत्नी मूर्ति देवी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी।गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष निराला तिवारी, कांस्टेबल रामलखन तथा कांस्टेबल जोनी कुमार शामिल रहे।

# बुखार से पीड़ित बच्चे की इलाज के दौरान मौत

## परिजनों ने स्वास्थ्य केंद्र पर लापरवाही का लगाया आरोप

देश की रोशनी, संवाददाता।

**सीतापुर।** पिसावां थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, पिसावां क्षेत्र निवासी आयुष पिछले पांच दिनों से तेज बुखार से पीड़ित था। परिजनों का कहना है कि उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। परिवार के लोग आयुष को इलाज के लिए पिसावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए थे। परिजनों का आरोप है कि वहां चिकित्सकों ने बच्चे को ग्लूकोज चढ़ाया, लेकिन इसके बाद उसकी तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर उसे तत्काल जिला अस्पताल सीतापुर रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने आयुष का उपचार शुरू किया, लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।मृतक के परिजनों ने स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सही उपचार मिलता, तो आयुष की जान बच सकती थी। परिवार ने पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मामले की जानकारी ली जा रही है। बच्चे की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच कराई जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पिसावां में स्वयं सहायता समूह का धरना समाप्त

## एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद बैंक ने 54 हजार लौटाने की जिम्मेदारी ली

देश की रोशनी, संवाददाता।

**सीतापुर।** पिसावां क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का धरना शुक्रवार देर शाम समाप्त हो गया। महोली मार्ग स्थित एसबीआई शाखा के बाहर पिछले पांच दिनों से जारी यह धरना महोली एसडीएम शिखा शुक्ला और सीओ नागेंद्र चौबे के हस्तक्षेप के बाद खत्म हुआ। अल्लीपुर गांव की उजाला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बैंक प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा रही थीं। उनका दावा था कि 8 दिसंबर को शाखा प्रबंधक की गलती से उनका बचत खाता बंद हो गया, जिससे राशन उठान के लिए आया 54 हजार रुपये वापस चला गया। कई दिनों तक बैंक के चक्कर लगाने के बाद भी समाधान न मिलने पर महिलाओं ने सोमवार सुबह बैंक गेट पर धरना शुरू कर दिया था। सोमवार को सुबह सात बजे से ही महिलाओं ने बैंक गेट पर बैठकर कर्मचारियों को बैंक खोलने से रोक दिया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर करीब 11 बजे बैंक खुलवाया, लेकिन महिलाएं धरने पर डटी रहीं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। धरने के पांचवें दिन शुक्रवार को एसडीएम और सीओ ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं से बातचीत की। अधिकारियों ने बैंक प्रबंधन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि यदि बैंक की गलती से खाता बंद हुआ है और पैसा वापस गया है, तो इसकी भरपाई की जिम्मेदारी बैंक की ही होगी। इसके बाद शाखा प्रबंधक रोशन लाल गुप्ता ने लिखित आश्वासन दिया कि स्वयं सहायता समूह के ऋण खाते में 54 हजार रुपये मंगलवार को जमा कर दिए जाएंगे। अधिकारियों के आश्वासन के बाद माहौल शांत हो गया। एसडीएम और सीओ ने महिलाओं को फ्रूटी और समोसा खिलाकर धरना समाप्त कराया। इसके बाद महिलाएं अपना सामान समेटकर घर लौट गईं। इस अवसर पर नायब तहसीलदार वसुंधरा त्रिपाठी, थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर, एडीओ पंचायत इकराम अली और एडीओ आईएसबी विमलेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# बिजली के खंभे से झोपड़ी में आग

## घरेलू सामान सहित 40 हजार की संपत्ति राख, ग्रामीणों ने बुझाई आग

देश की रोशनी, संवाददाता।

**सीतापुर।** महोली कोतवाली क्षेत्र में बिजली के खंभे में हुए शॉर्ट सर्किट से शनिवार सुबह एक झोपड़ी में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से झोपड़ी में रखा घरेलू सामान, अनाज, बिस्तर और खाने-पीने की वस्तुएं जलकर राख हो गईं। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया निवासी जगदीश पुत्र महादेव की झोपड़ी के पास लगे बिजली के खंभे में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। देखते ही देखते निकली चिंगारी ने झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी झोपड़ी धू-धू कर जलने लगी। आग लगते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और किसी तरह आग बुझाने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों ने पानी और मिट्टी डालकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा अधिकांश सामान जलकर खाक हो चुका था। पीड़ित जगदीश ने बताया कि आग में घर का बिस्तर, कपड़े, राशन, खाने-पीने का सामान और अन्य जरूरी घरेलू वस्तुएं पूरी तरह नष्ट हो गईं। घटना में करीब 40 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान बताया जा रहा है। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जर्जर तारों और खंभों को बदलवाने की मांग की है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जानकारी लेकर नुकसान का आकलन कराने और पीड़ित परिवार को सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।

# बिजली संकट पर व्यापारियों का प्रदर्शन, एसडीओ को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

## अघोषित कटौती, लो-वोल्टेज और जर्जर ट्रांसफार्मरों से परेशान व्यापारियों ने जल्द सुधार की उठाई मांग

देश की रोशनी, संवाददाता।



**लखीमपुर खीरी।** नगर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और बदहाल विद्युत व्यवस्था के विरोध में शनिवार को नगर व्यापार मंडल (कंछल गुट) के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने पलिया हाइडल पहुंचकर प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीओ दीपक सिंह को सौंपकर जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई।व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पलिया क्षेत्र में पिछले कई दिनों से अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या बनी हुई है। विद्युत विभाग द्वारा आए दिन फाल्ट का हवाला देकर घंटों बिजली आपूर्ति बाधित कर दी जाती है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ व्यापारियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में बिजली संकट से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि क्षेत्र के अधिकांश ट्रांसफार्मर पुराने और जर्जर हो चुके हैं, जो हल्का लोड बढ़ते ही खराब हो जाते हैं। व्यापार मंडल ने खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलने और अतिरिक्त ट्रॉली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था किए जाने की मांग की।

इसके अलावा व्यापारियों ने सुबह के समय होने वाली बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने, फाल्ट सही करने के लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने तथा पलिया नगर को नगरपालिका परिषद क्षेत्र होने के बावजूद ग्रामीण रोस्टर के बजाय नगर पालिका रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति देने की मांग की।

इस दौरान जिला महामंत्री अमित महाजन, नगर कोषाध्यक्ष श्याम आनंद, महामंत्री जसवीर फ्लोरा, युवा नगर अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, मनीष अरोड़ा, आदित्य मौर्या, उपाध्यक्ष देवेंद्र अरोड़ा, एजाज अली, रघुनाथ राठौर, नीरज गोयल, अब्बास गाजी, रियासुद्दीन, हरविंदर सिंह सोढ़ी, ओवैस खान, संजय माहेश्वरी, विकास वर्मा, अमित मौर्य, विवेक गुप्ता, बलराम गुप्ता, वसीम, देवेंद्र सिंह, सौरभ शाक्य सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# सीतापुर में बोलेरो की टक्कर से महिला की मौत

## सड़क पार करते समय हुआ हादसा, चालक फरार

देश की रोशनी, संवाददाता।

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार शाम करीब 7 बजे तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश को लेकर मामले की जांच में जुट गई है। थाना क्षेत्र के केसरीगंज स्थित रमना फार्म के पास 50 वर्षीय पार्वती पत्नी रामकुमार बाजार से पैदल अपने घर वापस लौट रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन सहित मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

# सम्पादकीय

## तेल की कमी और मंदी!

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को यदि जल्दी सुलझाया नहीं गया, तो जुलाई से पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट खतरनाक स्तर पर पहुंच जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक ने साफ चेतावनी दी है कि पश्चिम एशिया से तेल निर्यात में कमी के चलते तेल भंडारों में बड़ी कमी आ रही है और अब वैश्विक तेल बाजार बड़े खतरे की ओर बढ़ रहा है। कोई दोराय नहीं कि दुनिया को बड़ी मंदी से बचाने के लिए होर्मुज को पूरी तरह से और बिना शर्त खोलना होगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के सदस्य देशों के लिए अधिक रणनीतिक तेल भंडार जारी करने की परंपरा रही है और मार्च तक इसकी ठीक से पालना हुई है। उसके बाद से भंडारण के लिए लगभग 20 प्रतिशत तेल ही पहुंच पा रहा है। ज्यादातर देश दैनिक तेल आपूर्ति की व्यवस्था में ही परेशान हैं, तो भंडारण का क्या किया जाए? धीरे-धीरे देशों के अपने तेल भंडार भी खाली होने लगे हैं और यह एक बड़े खतरे का संकेत है। ब्रिटेन जैसे कुछ देशों में तेल की खपत में कमी आई है, पर ज्यादातर देशों में तेल की खपत को कम करना आसान नहीं है। भारत में ही तेल की खपत घटाने की अपील को देश के एक बड़े तबके ने नकारात्मक रूप से लिया है। बचत की अपील को सरकार की कमी या कमजोरी मानने वाले लोग भी कम नहीं हैं। हां, बचत से समस्या पूरी तरह नहीं सुलझेगी, लेकिन जरूरत भर के तेल के इंतजाम में कुछ सहूलियत हो जाएगी। बहरहाल, ऊर्जा क्षेत्र पर भू-राजनीति की इतनी गहरी और व्यापक छाया पहले कभी नहीं देखी गई थी। एक भय यह भी है कि दुनिया के अनेक देशों में सत्ता परिवर्तन की स्थितियां बनेंगी। विपक्षी या चरमपंथी पार्टियां बढ़ती महंगाई को मौजूदा सरकार की नाकामी बताकर राजनीति कर सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक भी इस ओर इशारा कर रहे हैं। हालांकि, यह समस्या वैश्विक है। पश्चिम एशिया में संकट के सुलझते ही या होर्मुज में यातायात के खुलते ही अर्थव्यवस्थाएं पटरी पर लौटने लगेंगी। वैसे, अभी भारत जैसे देशों में चिंता बहुत ज्यादा है। भारत पर संकट दोहरा या तिहरा है। अनुमान के अनुसार, भारत के 1 करोड़ 90 लाख लोग विदेश में काम करते हैं, इनमें से 90 लाख अकेले खाड़ी के देशों पर निर्भर हैं। खाड़ी में हालात बिगड़ने से वहां से भारतीय कामगार लौट रहे हैं और यहां से जा नहीं पा रहे हैं। इससे होगा यह कि बेरोजगारी बढ़ेगी और विदेश से आने वाले धन में भी कमी आएगी। अमेरिका को यह एहसास होना चाहिए कि होर्मुज में आवागमन को रोककर पूरी दुनिया को झकझोर दिया गया है। वैसे, फिलहाल इसके लिए जितना जिम्मेदार अमेरिका है, उतना ही ईरान भी है। निर्दोष लोगों का तेल-राशन रोककर युद्ध करने की यह बर्बर शैली निंदनीय है। होर्मुज में बाधा बनकर खड़े देश दरअसल पूरी दुनिया को संकट में डाल रहे हैं। उनके लिए उनकी नाक का सवाल दुनिया में आर्थिक महामंदी की आशंका से भी बड़ा हो गया लगता है। सकारात्मक बातचीत का जो रास्ता अमेरिका स्वयं निकाल सकता है, उसके लिए अपने अपेक्षाकृत कमजोर साथी पाकिस्तान का इस्तेमाल कर रहा है। आधी-अधूरी बातचीत के बीच परमाणु युद्ध का खतरा भी आए दिन मंडरा रहा है। दोनों पक्ष तबाही की धमकियां देने में कोई कमी नहीं कर रहे हैं, जबकि युद्ध-विराम के लिए दोनों पक्षों को कुछ न कुछ त्यागने को तैयार होना चाहिए। युद्ध को यदि जल्दी रोका नहीं गया, तो फिर से महान बनने का अमेरिकी सपना खटाई में पड़ जाएगा।

## पाठक कम, लेखक अधिक



– डॉ. प्रियंका सौरभ



आज का समय अभिव्यक्ति का समय है। सोशल मीडिया, ब्लॉग, डिजिटल मंच और स्वयं-प्रकाशन के साधनों ने हर व्यक्ति को अपनी बात कहने का अवसर दिया है। यह लोकतांत्रिक दृष्टि से सकारात्मक परिवर्तन है, क्योंकि अब विचार केवल चुनिंदा लोगों तक सीमित नहीं रहे। किंतु इसी परिवर्तन के बीच एक गंभीर प्रश्न भी उभरकर सामने आया है–क्या हम लिखने की अपेक्षा पढ़ने से दूर होते जा रहे हैं? प्रसिद्ध लेखक रस्किन बॉन्ड का यह कथन कि भारत पाठकों की अपेक्षा लेखकों की संख्या अधिक होने के संकट में है केवल एक व्यंग्यात्मक टिप्पणी नहीं, बल्कि हमारे साहित्यिक और सामाजिक परिवेश का सटीक विश्लेषण है।

वास्तव में आज साहित्य के क्षेत्र में रचनाकारों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हर दिन हजारों कविताएँ, लेख, कहानियाँ और विचार सोशल मीडिया पर साझा किए जाते हैं। अनेक लोग स्वयं को कवि, लेखक या विचारक के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं।

लेकिन दूसरी ओर गंभीर पाठकों की संख्या लगातार घटती दिखाई देती है। लोग अपनी रचना पर वाह-वाह तो चाहते हैं, पर दूसरों की रचनाओं को पढ़ने, समझने और उस पर विचार करने का धैर्य कम होता जा रहा है। यह स्थिति साहित्य के लिए चिंताजनक है, क्योंकि किसी भी स्वस्थ साहित्यिक परंपरा का आधार केवल लेखक नहीं, बल्कि सजग पाठक भी होते हैं।पठन संस्कृति किसी भी समाज की बौद्धिक परिपक्वता का संकेत होती है। पढ़ना केवल शब्दों को देखना नहीं, बल्कि विचारों के संसार में प्रवेश करना है। एक अच्छा पाठक अनेक दृष्टिकोणों को समझता है, संवेदनशील बनता है और समाज के प्रति अधिक जागरूक होता है। लेकिन आज मोबाइल स्क्रीन और त्वरित मनोरंजन ने गहन अध्ययन की आदत को कमजोर कर दिया है। लोग छोटी-छोटी पोस्ट, तात्कालिक प्रतिक्रियाएँ और सतही सामग्री पढ़ने तक सीमित हो गए हैं। पुस्तकों के साथ बिताया जाने वाला समय लगातार कम हो रहा है।

डिजिटल युग ने जहाँ अभिव्यक्ति को सरल बनाया, वहीं साहित्य की गंभीरता को भी प्रभावित किया है। पहले लेखक बनने के लिए लंबे अध्ययन, निरंतर अभ्यास और साहित्यिक अनुशासन की आवश्यकता होती थी। लेखक वर्षों तक पढ़ता था, जीवन को समझता था और फिर अपनी अनुभूतियों को शब्द देता था। आज स्थिति कुछ अलग है। सोशल मीडिया पर कुछ पंक्तियाँ लिखकर तुरंत प्रतिक्रिया प्राप्त हो जाती है। लाइक और शेयर की संख्या को ही कई लोग साहित्यिक गुणवत्ता का प्रमाण मान लेते हैं। परिणामस्वरूप लेखन में गहराई की अपेक्षा तात्कालिक लोकप्रियता अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।यह भी सच है कि आज के दौर में पढ़ने की बजाय दिखने की प्रवृत्ति बढ़ी है। लोग पुस्तक पढ़ने से अधिक अपनी पुस्तक प्रकाशित कराने में रुचि लेने लगे हैं। साहित्यिक मंचों पर भी कभी-कभी वास्तविक रचना की अपेक्षा प्रचार और समूहबंदी अधिक दिखाई देती है। ऐसे वातावरण में गंभीर पाठक स्वयं को उपेक्षित महसूस करता है। साहित्य केवल तालियों या प्रशंसाओं का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के विचार और संवेदनाओं का दर्पण होता है। यदि पाठक ही कम हो जाएँ, तो साहित्य का उद्देश्य अधूरा रह जाता है।भारतीय समाज में पठन संस्कृति के कमजोर होने के कई कारण हैं। शिक्षा प्रणाली भी उनमें से एक है। हमारे विद्यालयों और महाविद्यालयों में पढ़ाई का उद्देश्य अधिकतर परीक्षा तक सीमित हो गया है। विद्यार्थियों को अंक प्राप्त करने की दौड़ में इस प्रकार उलझा दिया जाता है कि वे साहित्य को आनंद या चिंतन के रूप में नहीं, बल्कि बोझ के रूप में देखने लगते हैं। पुस्तकालयों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। गाँवों और छोटे कस्बों में अच्छी पुस्तकों तक पहुँच आज भी सीमित है। जब समाज में पढ़ने का वातावरण ही कमजोर होगा, तब स्वाभाविक रूप से पाठकों की संख्या घटेगी।

परिवारों की भूमिका भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। पहले घरों में अखबार, पत्रिकाएँ और पुस्तकें पढ़ने की परंपरा होती थी। बच्चे अपने माता-पिता और बुजुर्गों को पढ़ते देखकर प्रेरित होते थे। आज अधिकांश परिवारों में मोबाइल और टेलीविजन ने पुस्तकों की जगह ले ली है। बच्चों को तकनीक तो मिल रही है, लेकिन पुस्तकों के प्रति लगाव कम होता जा रहा है। परिणामस्वरूप नई पीढ़ी में धैर्यपूर्वक पढ़ने की आदत विकसित नहीं हो पा रही।हालाँकि यह कहना भी उचित नहीं होगा कि आज का सारा लेखन निरर्थक है। डिजिटल मंचों ने अनेक नए और प्रतिभाशाली रचनाकारों को अवसर दिए हैं। ऐसे लोग भी सामने आए हैं जिन्हें पारंपरिक प्रकाशन संस्थानों में अवसर नहीं मिल पाता था। समस्या लेखकों की संख्या बढ़ने में नहीं, बल्कि पाठकों की संख्या घटने में है। यदि समाज में पढ़ने की संस्कृति मजबूत हो, तो अधिक लेखक होना साहित्य के लिए शुभ संकेत माना जाएगा। लेकिन जब हर व्यक्ति केवल स्वयं को पढ़वाना चाहता हो और दूसरों को पढ़ने की इच्छा कम हो जाए, तब साहित्यिक संतुलन बिगड़ने लगता है।

साहित्य केवल लिखने से जीवित नहीं रहता। वह पाठकों के मन में जीवित रहता है। प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, निराला, हरिवंश राय बच्चन या रस्किन बॉन्ड आज इसलिए प्रासंगिक हैं क्योंकि पीढ़ियाँ उन्हें पढ़ती रही हैं। यदि पाठक न हों, तो श्रेष्ठतम साहित्य भी अलमारियों में बंद होकर रह जाएगा। इसलिए आवश्यक है कि समाज में पठन संस्कृति को पुनर्जीवित किया जाए।विद्यालयों में पुस्तक पठन को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। केवल पाठ्यक्रम तक सीमित रहने के बजाय विद्यार्थियों को कहानी, कविता, जीवनी और विचार साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। पुस्तक मेलों, साहित्यिक गोष्ठियों और पुस्तकालयों को अधिक सक्रिय बनाया जाना चाहिए।

डिजिटल माध्यमों का उपयोग भी सकारात्मक रूप से किया जा सकता है। यदि सोशल मीडिया पर सतही सामग्री की जगह सार्थक साहित्य को बढ़ावा मिले, तो नई पीढ़ी का रुझान पढ़ने की ओर बढ़ सकता है। लेखकों की भी एक जिम्मेदारी है। उन्हें केवल लोकप्रियता के पीछे नहीं भागना चाहिए, बल्कि गंभीर अध्ययन और आत्ममंथन को महत्व देना चाहिए। अच्छा लेखक वही बन सकता है जो पहले अच्छा पाठक हो। बिना पढ़े गहराईपूर्ण लेखन संभव नहीं है। साहित्य में स्थायित्व तात्कालिक प्रसिद्धि से नहीं, बल्कि विचारों की प्रामाणिकता और संवेदनशीलता से आता है।आज आवश्यकता इस बात की है कि हम लिखने और पढ़ने के बीच संतुलन स्थापित करें।

अभिव्यक्ति का अधिकार महत्वपूर्ण है, लेकिन ग्रहण करने की क्षमता भी उतनी ही आवश्यक है। समाज तभी बौद्धिक रूप से समृद्ध बनता है जब उसमें विचारों का आदान-प्रदान हो, संवाद हो और पढ़ने की संस्कृति जीवित रहे।रस्किन बॉन्ड का कथन हमें आत्मचिंतन का अवसर देता है। यह केवल साहित्यकारों के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है।

यदि हम पुस्तकों से दूर होते गए और केवल त्वरित प्रतिक्रियाओं तक सीमित रह गए, तो हमारी संवेदनाएँ और विचार दोनों कमजोर पड़ जाएँगे। इसलिए समय की मांग है कि हम फिर से पुस्तकों की ओर लौटें, पढ़ने को आदत नहीं बल्कि संस्कृति बनाएँ और यह समझें कि एक अच्छा समाज केवल अच्छे लेखकों से नहीं, बल्कि अच्छे पाठकों से भी बनता है।

## तपती धरती, झुलसता जीवनः हीटवेव की चुनौती



–ललित गर्ग

वर्ष 2026 की गर्मी केवल एक मौसमीय घटना नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है। अप्रैल-मई के दौरान भारत सहित दक्षिण एशिया के अनेक हिस्सों में पड़ी रिकॉर्ड हीटवेव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य का संकट नहीं, वर्तमान की भयावह वास्तविकता है। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य भारत के अनेक क्षेत्रों में तापमान 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कई शहरों में बिजली की मांग ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। सड़कें सूनी दिखने लगीं, श्रमिकों का श्रम ठहरने लगा और बच्चों, बुजुर्गों तथा गरीब तबकों के सामने जीवन बचाने की चुनौती खड़ी हो गई। यह संकट अचानक नहीं आया। यह दशकों से प्रकृति के साथ किए गए असंतुलित व्यवहार, अंधाधुंध शहरीकरण, जंगलों की कटाई, संसाधनों के दोहन और सुविधावादी जीवनशैली का परिणाम है। प्रकृति ने बार-बार संकेत दिए, लेकिन विकास की अंधी दौड़ में हमने उन संकेतों को अनसुना किया।



आज वही उपेक्षित चेतावनियां लू बनकर हमारे सामने खड़ी हैं।

हीटवेव का सबसे बड़ा कारण केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि वह विकास मॉडल है जिसने धरती की प्राकृतिक ढाल को कमजोर कर दिया। जंगल सदियों से पृथ्वी के प्राकृतिक एयर कंडीशनर रहे हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को शीतल रखते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं। लेकिन विडंबना है कि विकास के नाम पर जंगलों का तेजी से विनाश हुआ। हर वर्ष लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र समाप्त हो रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि स्थानीय स्तर पर तापमान बढ़ा, नमी कम हुई, वर्षा चक्र प्रभावित हुआ और गर्म हवाओं की अवधि लंबी होती गई। आज शहर कंक्रीट के जंगल बन चुके हैं। महानगरों में हरित क्षेत्र सिकुड़ते जा रहे हैं और उनकी जगह सीमेंट, डामर और शीशे की ऊंची इमारतें ले रही हैं। इससे अर्बन हीट आइलैंडह्न प्रभाव तेजी से बढ़ा है। शहर अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक गर्म हो चुके हैं। कंक्रीट दिनभर सूर्य की ऊष्मा को सोखता है और रात में धीरे-धीरे छोड़ता है। परिणामस्वरूप रातें भी गर्म होती जा रही हैं और शरीर को राहत नहीं मिल पाती।दिल्ली, मुंबई, जयपुर और लखनऊ जैसे शहरों में रात का तापमान पहले की तुलना में लगातार बढ़ रहा है। गरीब बस्तियों में स्थिति और भी गंभीर है। वहां न हरित क्षेत्र हैं, न पर्याप्त जल आपूर्ति, न शीतलन के साधन। टीन की छतों वाले घर दिन में भट्ठी बन जाते हैं। गर्मी की मार सामाजिक असमानता को और गहरा करती है। अमीर वर्ग एयर कंडीशनर और बंद कमरों में राहत खोज लेता है, लेकिन मजदूर, रिक्शाचालक, रेहड़ी वाले और निर्माण कार्य में लगे श्रमिक खुले आसमान के नीचे झुलसते रहते हैं। विडंबना यह भी है कि गर्मी से राहत का सबसे लोकप्रिय साधन एयर कंडीशनर स्वयं संकट को बढ़ाने वाला कारक बनता जा रहा है। एक एयर कंडीशनर कमरे को ठंडा करता है, लेकिन बाहर उतनी ही गर्म हवा छोड़ता है। इसके साथ ही बिजली की खपत बढ़ती है, जिसका बड़ा हिस्सा अभी भी कोयला आधारित ऊर्जा से आता है। रेफ्रिजरेंट गैसें अतिरिक्त ग्रीनहाउस प्रभाव पैदा करती हैं। इस प्रकार एक दुष्चक्र निर्मित हो गया है-गर्मी बढ़ती है, एसी बढ़ते हैं, उत्सर्जन बढ़ता है .

## आज का इतिहास

**नयी दिल्ली।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 24 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है।

1819 - ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैण्ड की महारानी महारानी विक्टोरिया का जन्म।

1875 - सर सैयद अहमद खान ने 'मोहम्मडन एंग्लो ओरिएंटल स्कूल' की स्थापना की, जो आगे चलकर एएमयू बना।

1883 - न्यूयॉर्क में प्रसिद्ध ब्रुकलिन ब्रिज यातायात के लिए खोला गया।

1931 - पहली वातानुकूलित यात्री ट्रेन अमेरिका के वाल्टमोर ओहियो मार्ग पर चलाई गई।

1941 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मन युद्धपोत 'बिस्मार्क' ने ब्रिटिश बेड़े के 'एचएमएस हूड' को डुबो दिया।

1955 - हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध संगीतकार राजेश रोशन का जन्म।

1959 - साम्राज्य दिवस का नाम बदलकर राष्ट्रमंडल दिवस किया गया।

1969 - भारतीय थल सेना के जांबाजों में से एक सुधीर कुमार वालिया का जन्म।

1994 - मीना (सऊदी अरब) में हज से जुड़े एक समारोह के समय भगदड़ मच जाने से 250 लोगों से भी अधिक हाजियों की मृत्यु।

1994 - न्यूयॉर्क में 1993 में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर बमबारी के लिए चार लोगों को 240-240 साल की कैद की सजा सुनाई गई।

1999 - भारत के महान कुश्ती प्रशिक्षक (कोच) व पहलवान गुरु हनुमान का निधन।

2000 - दक्षिण लेबनान से 22 साल का खूनी दौर समाप्त कर इस्रायली सेना वापस लौटी।

2000 - हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध गीतकार और शायर मजरूह सुल्तानपुरी का निधन।

2001 - नेपाल के 15 वर्षीय शेरपा तेंबा शेरी माउंट एवरेस्ट की चोटी को फतह करने वाले सबसे कम उम्र के पर्वतारोही बने।

2002 - नेपाल में नेपाली कांग्रेस ने प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को नेपाली कांग्रेस पार्टी से निलंबित किया।

2003 - इस्रायल के प्रधानमंत्री एरियल शैरोन ने पश्चिम एशिया शांति योजना को स्वीकार किया।

2004 - उत्तर कोरिया ने मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाया।

2005 - एनबी इंकबेयर मंगोलिया के राष्ट्रपति चुने गये।

2007 - एमा निकोलसन रिपोर्ट यूरोपीय संघ की संसद में पारित।

2008- उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता छह प्रतिशत बढ़ाने का फ़ैंसला किया।

2023 - भारतीय राज्य लद्दाख़ के प्रसिद्ध आध्यात्मिक और राजनीतिक नेता टी. रिनपोछे का निधन।

## पश्चिम बंगाल में ओबीसी कोटे पर नए फैसले से सुलगती सामाजिक और सियासी बिसात




पश्चिम बंगाल की राजनीति में आए हालिया बदलाव ने देश के सबसे संवेदनशील और पुराने विवाद को एक बार फिर हवा दे दी है आरक्षण, तुष्टिकरण और सामाजिक न्याय का असल चेहरा। राज्य में सत्ता परिवर्तन के तुरंत बाद मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की कैबिनेट ने जिस तरह से ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) सूची को लेकर कड़ा कदम उठाया है, वह महज एक प्रशासनिक आदेश नहीं बल्कि दशकों से चली आ रही 'वोटबैंक पॉलिटिक्स' की बुनियाद पर सीधा प्रहार है। मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया है कि उनकी सरकार ने मई 2024 में आए कलकत्ता हाईकोर्ट के उस ऐतिहासिक आदेश को जमीन पर उतारा है, जिसने राज्य में बिना किसी वैज्ञानिक सर्वे और ठोस डेटा के थोक के भाव बांटे गए ओबीसी प्रमाण पत्रों को असंवैधानिक करार दिया था। नई सरकार का पहला बड़ा राजनीतिक दांव यह रहा कि उसने सुप्रीम कोर्ट में पिछली ममता बनर्जी सरकार द्वारा दायर की गई पुनर्विचार याचिका को आधिकारिक तौर पर वापस ले लिया। इस एक फैसले ने साफ कर दिया कि नई व्यवस्था अब अदालत के रुख के साथ खड़ी है और 2012 के बाद से सामाजिक न्याय के नाम पर बुने गए उस जाल को पूरी तरह ध्वस्त करने जा रही है, जिसे विपक्षी दल 'मुस्लिम सब-कोटा' का शॉर्टकट बताते रहे हैं।इस पूरे विवाद की जड़ें साल 2010 से जुड़ी हैं, जब राज्य की तत्कालीन वामपंथी सरकार और उसके बाद सत्ता में आई तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने राज्य के भीतर एक ऐसा सामाजिक समीकरण तैयार करने की कोशिश की, जो चुनावी राजनीति में अजेय किला बन सके। ममता बनर्जी के कार्यकाल के दौरान पिछड़ा वर्ग सूची में 140 से ज्यादा नई उप-जातियों को जोड़ा गया था, जिनमें से करीब 80 फीसदी जातियां केवल एक विशेष समुदाय से थीं। आंकड़ों की बाजीगरी ऐसी थी कि 2011 की जनगणना के अनुसार बंगाल में रहने वाले करीब ढाई करोड़ मुसलमानों में से दो करोड़ से अधिक लोगों को कागजों पर रातों-रात 'ओबीसी' घोषित कर दिया गया। अत्यंत पिछड़ों के लिए बनी 'ओबीसी-ए' कैटेगरी में बड़े पैमाने पर मुस्लिम उप-जातियों को जगह मिलने का सीधा नतीजा यह हुआ कि नौकरियों और सरकारी शिक्षा संस्थानों में मिलने वाले कोटे पर एक खास वर्ग का वर्चस्व स्थापित होने लगा। इस पूरी प्रक्रिया ने उन मूल हिंदू पिछड़ी जातियों को हाशिए पर धकेल दिया, जो पीढ़ियों से अपने हक का इंतजार कर रही थीं। माहिष्य, सद्गोप, यादव और कुर्मी जैसी बड़ी पिछड़ी जातियां हों या फिर चुनिया और कलवार जैसे छोटे शिल्पी वर्ग, वे सभी संख्याबल और इस नए मुकाबले में पीछे छूटते चले गए। कलकत्ता हाईकोर्ट ने जब इस पूरे मामले की परतें खोलीं, तो यह स्पष्ट हो गया कि बिना किसी व्यापक सर्वेक्षण या पिछड़ेपन के वैज्ञानिक मूल्यांकन के पूरी की पूरी आबादी को आरक्षण के दायरे में लाना संविधान के बुनियादी सिद्धांतों के खिलाफ है।

अदालत के इसी फैसले को आधार बनाकर सुवेंदु सरकार ने 2012 के बाद की व्यवस्था को पूरी तरह रद कर 2010 की पुरानी व्यवस्था बहाल कर दी है, जिसके तहत केवल 66 जातियां ही वैध रूप से ओबीसी कोटे की हकदार मानी गई हैं। इस सूची में कपाली, कुर्मी, नाई (नापित), तांती, धानुक, कसाई, खंडैत, तुरहा, पहाड़िया मुस्लिम, देवांगा और हज्जाम जैसी पारंपरिक जातियों को शामिल किया गया है। साथ ही, अनुसूचित जाति से ईसाई धर्म अपनाने वाले व्यक्तियों को भी इस सूची में स्थान मिला है। सरकार का अगला कदम और भी आक्रामक है, जिसके तहत 2011 के बाद से जारी किए गए सभी 1.69 करोड़ जाति प्रमाणपत्रों की व्यापक स्तर पर दोबारा जांच (री-वेरिफिकेशन) के आदेश दिए गए हैं। इसमें विशेष रूप से उन प्रमाण पत्रों को खंगाला जाएगा जो 'द्वारे सरकार' जैसे लोक-लुभावन कैंपों के जरिए आनन-फानन में बांटे गए थे।यह पूरा घटनाक्रम सिर्फ पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के कई अन्य सूबों में भी 'मजहब आधारित आरक्षण' बनाम 'संवैधानिक मयार्दा' की इस बहस को नए सिरे से जिंदा करता है। कर्नाटक में 1990 के दशक में मुस्लिमों के लिए ओबीसी सूची के तहत जो 4 फीसदी का सब-कोटा तय किया गया था, उसे मार्च 2023 में तत्कालीन सरकार ने असंवैधानिक बताते हुए खत्म कर दिया और मामला अब शीर्ष अदालत के विचाराधीन है। केरल में 1952 से ही लगभग पूरी मुस्लिम आबादी को पिछड़ा वर्ग का लाभ मिल रहा है, जहां हिंदू पिछड़ी जातियां लगातार आरोप लगाती रही हैं कि कोटे का बड़ा हिस्सा एक खास संपन्न वर्ग हड़प लेता है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी पूरी आबादी को एकमुश्त आरक्षण देने के प्रयासों को अदालतों ने हमेशा खारिज किया है, जिसके बाद चुनिंदा जातियों को पहचान कर अलग कैटेगरी बनाई गई। इसके विपरीत बिहार जैसे राज्य में मंडल आयोग की सिफारिशों के तहत केवल पेशेवर और सामाजिक रूप से पिछड़ी मुस्लिम जातियों (जैसे अंसारी और कुरैशी) को ही अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) में रखा गया है। यह तुलना दिखाती है कि जब भी राज्य सरकारों ने वैज्ञानिक डेटा को दरकिनार कर केवल राजनीतिक लाभ के लिए एकमुश्त समुदायों को पिछड़ेपन का तमगा दिया, वहां कानूनी और सामाजिक टकराव होना तय था।संविधान का अनुच्छेद 16(2) स्पष्ट रूप से धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव या आरक्षण को प्रतिबंधित करता है, जबकि अनुच्छेद 15(4) केवल सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन को ही आरक्षण का वैध आधार मानता है।

## निजी स्कूलों की मनमानी पर डीएम सख्त

# मनमानी फीस,ड्रेस और किताबों की बाध्यता पर होगी कठोर कार्रवाईः डीएम

देश की रोशनी, संवाददाता।



**प्रतापगढ़।** जनपद में निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी शुल्क वसूली एवं अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने के मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम-2018 एवं संशोधन अधिनियम-2020 के तहत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में निजी स्कूलों की फीस वृद्धि, किताबों, ड्रेस एवं अन्य सामग्री की अनिवार्यता जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जनपद के सभी निजी विद्यालयों द्वारा की जाने वाली शुल्क वृद्धि से संबंधित जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कोई विद्यालय अभिभावकों पर निर्धारित शुल्क से अधिक फीस वसूलता है अथवा किसी विशेष दुकान से किताबें, ड्रेस, जूते या मोजे खरीदने का दबाव बनाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल नोटिस जारी कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निजी विद्यालय को नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने से 60 दिन पहले अपनी वेबसाइट एवं विद्यालय के सूचना पट्ट पर शुल्क विवरण सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा। वहीं वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में अधिनियम लागू होने के 30 दिनों के भीतर यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

बैठक में विद्यालयों को एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों से पठन-पाठन को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिये गये। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि विद्यालय प्रत्येक वर्ष किताबें न बदलें, जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार न पड़े। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि कोई भी विद्यालय लगातार पांच शैक्षणिक वर्षों के भीतर विद्यालय की ड्रेस में परिवर्तन नहीं करेगा। बिना अनुमति ड्रेस परिवर्तन को नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। जून माह के प्रथम सप्ताह में जिले के सभी निजी विद्यालय संचालकों एवं प्रबंधकों की बैठक बुलाने का निर्णय लिया है, जिसमें अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देकर उनका पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि किसी छात्र, अभिभावक अथवा शिक्षक संगठन की ओर से शिकायत प्राप्त होती है, तो जिला शुल्क नियामक समिति उसकी जांच कर दोषी विद्यालयों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करेगी। प्रथम बार उल्लंघन करने पर विद्यालय को अधिक वसूली गई फीस वापस करने के साथ एक लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। दूसरी बार उल्लंघन पर पांच लाख रुपये तक का अर्थदंड लगाया जाएगा, जबकि तीसरी बार नियमों की अवहेलना करने पर विद्यालय की मान्यता एवं संबद्धता समाप्त करने की संस्तुति भी की जा सकती है। जिलाधिकारी ने सभी निजी विद्यालयों को चेतावनी देते हुए कहा कि शुल्क विनियमन अधिनियम के निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। नियमों की अनदेखी करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध जिला शुल्क नियामक समिति द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय प्रबंधन की होगी। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनामिका सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुंदरगंज चैराहे पर वाटर कूलर लगवाने हेतु विधायक को सौंपा ज्ञापन

देश की रोशनी, संवाददाता।

**रायबरेली।** भीषण गर्मी के चलते आमजन को राहत दिलाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल, डीह इकाई के अध्यक्ष पवन अग्रहरि के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक अशोक कोरी को ज्ञापन सौंपकर सुंदरगंज चैराहे पर सार्वजनिक वाटर कूलर लगाए जाने की मांग की गई।ज्ञापन में बताया गया कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण राहगीरों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों को शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सुंदरगंज चैराहा क्षेत्र का प्रमुख सार्वजनिक स्थल होने के बावजूद यहां पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन अग्रहरि ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। सुंदरगंज चैराहे पर सार्वजनिक वाटर कूलर लगने से हजारों राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी।

## एनटीपीसी ऊंचाहार को सीएसआर एवं एचआर उत्कृष्टता हेतु फेम पुरस्कार से गया नवाजा




देश की रोशनी, संवाददाता।

**रायबरेली।** एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना को चंडीगढ़ में आयोजित फेम नेशनल अवार्ड्स समारोह में दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने का गौरव हासिल हुआ है। ऊंचाहार परियोजना के मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार ने समारोह में उक्त पुरस्कारों को प्राप्त किया।परियोजना को शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक विकास, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए बेस्ट सीएसआर प्रैक्टिसेज श्रेणी में डायमंड अवार्ड से सम्मानित किया गया। एनटीपीसी ऊंचाहार अपनी विभिन्न सीएसआर पहलों के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।इसके साथ ही परियोजना को कर्मचारी हितैषी नीतियों, बेहतर कार्य संस्कृति, कौशल विकास एवं कर्मचारी कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए बेस्ट एचआर प्रैक्टिसेज श्रेणी में प्लेटिनम अवार्ड भी प्रदान किया गया।ऊंचाहार परियोजना के प्रमुख बिस्व मोहन सिंह ने इन पुरस्कारों के हासिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की ये सम्मान एनटीपीसी ऊंचाहार के कर्मचारियों एवं प्रबंधन की मेहनत, समर्पण तथा सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल हैं।

## खास खबर

### अधिवक्ताओं ने मांगों को लेकर न्यायिक कार्य से बनाई दूरी

**प्रतापगढ़।** कचहरी परिसर स्थित जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के कार्यालय पर शनिवार को अध्यक्ष करूणाशंकर मिश्र की अध्यक्षता व महामंत्री कौशलेश त्रिपाठी के संचालन में बैठक हुई। बैठक में जिला बार के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, महामंत्री रवींद्र सिंह, वकील परिषद के अध्यक्ष इंदुभाल मिश्र, मंत्री आशीष पांडेय आदि ने पुराने प्रस्ताव का समर्थन कर शनिवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। वक्ताओं ने बैठक में कहा कि जनपद को हाईकोर्ट की खंडपीठ लखनऊ से जोड़ा गया है.

### छतोह के भाजपा मंडल मंत्री की माता का लम्बी बीमारी के चलते निधन

**परशदेपुर रायबरेली।** विकास खण्ड छतोह के भाजपा मंडल मंत्री अभय तिवारी की माता सुशीला देवी 68 वर्ष का लम्बी बीमारी के चलते शनिवार को निधन हो गया। भाजपा मंडल मंत्री की माता की निधन की खबर क्षेत्र में लगते ही शोक की लहर दौड़ गयी।भाजपा कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के जमावड़ा लग गया। छतोह ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह,राघवेन्द्र पाण्डेय, प्रधान रमाकांत तिवारी, प्रधान देवेश सिंह,अभिषेक प्रताप सिंह, गौरव श्रीवास्तव,आशीष सिंह ,शिवेन्द्र सिंह,प्रधान अमित श्रीवास्तव सहित आदि लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

### जालौन में दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली कोंच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3.650 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी ने शनिवार को बताया कि कोतवाली कोंच पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली, जिनके पास से कुल 3.650 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

# ईंधन बचाव में न्यायिक अधिकारी पैदल भ्रमण कर पहुंचे न्यायालय

देश की रोशनी, संवाददाता।





**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाओ अभियान के प्रति शनिवार को न्यायिक अधिकारियों ने पैदल भ्रमण कर जागरूकता का संदेश आम लोगों को दिया। शनिवार की सुबह करीब छः बजे शुकुलपुर स्थित न्यायिक अधिकारी एकत्रित होकर पैदल ही कोर्ट परिसर की ओर आने लगे। आवास परिसर से लगभग सवा किलोमीटर तक पैदल भ्रमण में जिला जज राजीव कमल पांडेय,एडीजे राजीव रंजन, एडीजे हेमंत कुमार, एडीजे अंकिता दुबे, एडीजे रामलाल द्वितीय,एडीजे आतिफ शमीम, सीजेएम कुमुद उपाध्याय, विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शांभवी द्वितीय आदि मौजूद रहे। खाड़ी देशों में ईंधन संकट को देखते हुये कम खपत के लिये लोगों को कुछ इस तरह से कामकाज के प्रति न्यायिक अधिकारियों ने जागरूक किया है। न्यायिक अधिकारियों ने लोगों से अपील कर कहा है कि अधिक से अधिक ईंधन बचाव के लिये सभी प्रयास करें।

## गंगा दशहरा को लेकर परशुराम सेना की हुई बैठक

देश की रोशनी, संवाददाता।

**प्रतापगढ़।** गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर 25 मई 2026 को शनिदेव धाम में आयोजित कार्यक्रम को लेकर परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक जिला कचेहरी में आयोजित किया गया। बैठक में कार्यक्रम की सफलता को लेकर रूपरेखा तय की गई।इस मौके पर संगठन के सदस्यों की जिम्मेदारी तय की गई।इस मौके प्रदीप शुक्ला ने कहा कि परशुराम सेना द्वारा विगत 15 वर्षों से शनिदेव धाम मंदिर पर गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण स्वच्छता अभियान के साथ भव्य दीपोत्सव एवं महाआरती का आयोजन किया जाता है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय, मंडल अध्यक्ष संजय शुक्ल, मनीष दुबे, संतोष मिश्र,ओमप्रकाश तिवारी, अरुण उपाध्याय,अंकित पाठक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेता योगेंद्र चैहान ने सदर विधानसभा की मातृशक्ति से की मुलाकात



देश की रोशनी, संवाददाता।

**रायबरेली।** कांग्रेस नेता योगेंद्र चैहान ने रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र में मातृशक्ति की एक बड़ी बैठक आयोजित की। उन्होंने क्षेत्र की सैकड़ों माताओं-बहनों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया और उनके सुझावों को सुना। इस दौरान रायबरेली के समग्र विकास, स्थानीय समस्याओं और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।मुलाकात के दौरान उपस्थित महिलाओं ने रायबरेली की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में विकास की रफ्तार धीमी रही है और जनता की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं हो पाई हैं। महिलाओं ने एकमत होकर कहा कि रायबरेली के विकास के लिए कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब रायबरेली कोई गलती नहीं करेगा। आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे क्षेत्र की मातृशक्ति कांग्रेस पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाएगी और जिले के विकास को नई ऊंचाई देने में सक्रिय भूमिका निभाएगी।कांग्रेस नेता योगेंद्र चैहान ने सभी माताओं-बहनों को आश्वासन देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पहले भी जनता की आशा और उम्मीद पर खरी उतरी है और आगे भी खरी उतरेगी। हम रायबरेली के हर वर्ग के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे। योगेंद्र चैहान ने महिलाओं द्वारा बताई गई समस्याओं कृ जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा और रोजगार कृ पर ध्यान देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर इन मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। इस मौके पर सदर क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं, स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता और महिला मोर्चा के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कांग्रेस के समर्थन में नारेबाजी भी की। यह बैठक कांग्रेस पार्टी द्वारा रायबरेली में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत की गई महत्वपूर्ण कवायदियों में से एक मानी जा रही है।

## प्रांतीय अधिवेशन में पारित प्रस्तावों का अधिवक्ता परिषद ने किया समर्थन



देश की रोशनी, संवाददाता।

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़ ईकाई के कार्यकारिणी सदस्यों व पदाधिकारियों की एक बैठक अधिवक्ता भवन में अध्यक्ष मनोज सिंह की अध्यक्षता व महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल के संचालन में हुई। बैठक में प्रमुख रूप से गत 16-17 मई 2026 को बहराइच जिले में सम्पन्न हुए अवध प्रांत का प्रांतीय अधिवेशन में अधिवक्ता बीमा और महिला अधिवक्ताओं से सम्बंधित पारित दोनों प्रस्तावों का सर्वसम्मति से समर्थन किया गया। परिषद के अध्यक्ष मनोज सिंह व महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल ने संयुक्त रूप से बताया कि अधिवक्ता बीमा के साथ ही न्यायालयो में महिलाओं के लिए सुविधाओं की उपलब्धता एवं न्यायपालिका में उनके प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित किये जाने सम्बंधित दस सूत्रीय प्रस्ताव पारित किया गया है। पारित दोनों प्रस्तावों की प्रति अति शीघ्र समस्त बार को एवं जिला जज तथा न्यायिक अधिकारियों को सौंपा जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप उपाध्यक्ष जया शर्मा, मंत्री विनीत शुक्ल, उदित गिरी,विजय, कोषाध्यक्ष भरत लाल वैश्य, मंत्री कुलवंत शर्मा, इंद्र कुमार दीपू सिंह, परिजात मिश्र,रुप नारायण सहित आदि रहे।

## हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विद्युत समस्या को तत्काल हल किए जाने के बाबत सौंपा ज्ञापन

देश की रोशनी, संवाददाता।



लालगंज रायबरेली। जनता के दुख दर्द और उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिए सदैव अग्रसर रहने वाले हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने लखनऊ विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचकर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने के बाबत प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौपा है।

लखनऊ स्थित मुख्यालय में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल से भेंट कर 182 सरेनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले समस्त बिजलीघरों से संबंधित बिजली कटौती एवं जर्जर आपूर्ति व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की और सभी समस्याओं के अविलंब ठीक कराए जाने की भी मांग की। हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि मुलाकात के मुख्य बिंदु एवं चर्चा अघोषित बिजली कटौती का मुद्दे पर केंद्रित रही। क्षेत्र में की जा रही अघोषित बिजली कटौती और रोस्टर में हो रही भारी अनियमितताओं से प्रबंध निदेशक को अवगत कराया गया। भीषण गर्मी और उमस के इस मौसम में बिजली न होने से आम जनता, किसानों, महिलाओं और बुजुर्गों को हो रही भीषण समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया। क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी बिजली घरों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बिना किसी विलंब के तत्काल ठीक करने और क्षेत्रवासियों को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की पुरजोर मांग की गई।प्रबंध निदेशक ने सरेनी क्षेत्र की विद्युत संबंधी समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरेनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी पावर हाउसों की समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण कर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य एवं सुचारु कर दिया जाएगा।

## एनएसजीआई जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने वाटर पार्क में उठाया लुत्फ



देश की रोशनी, संवाददाता।

**रायबरेली।** एनएसजीआई जूनियर विंग के विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्मावकाश के प्रथम दिन रोमांचक एवं मनोरंजक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने आनंदी मैजिक वर्ल्ड वाटर पार्क में पूरे उत्साह और उमंग के साथ दिनभर विभिन्न गतिविधियों का आनंद उठाया। इस दौरान बच्चों ने वाटर स्लाइड्स, वेव पूल, रेन डांस, स्विमिंग जोन तथा अन्य मनोरंजक राइड्स का लुत्फ उठाया। भीषण गर्मी के बीच वाटर पार्क की गतिविधियों ने बच्चों को राहत के साथ-साथ यादगार अनुभव प्रदान किये। समर कैम्प में एनएसपीएस की सभी शाखाओं के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को समूह में रहकर गतिविधियों का आनंद लेने तथा आपसी सहयोग एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि इस प्रकार की सह शैक्षिक गतिविधियां बच्चों के मानसिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सामूहिक सहभागिता और सकारात्मक ऊर्जा का विकास करते हैं। इस अवसर पर फैजान खान, मंजरी श्रीवास्तव, राममिलन, भावना, शिवम, शैलेश, सुभी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# भाजपा नेताओ व कार्यकर्ताओ ने फूंका राहुल गाँधी का पुतला



देश की रोशनी, संवाददाता।

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी के नेतृत्व में सुपर मार्केट में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया। राहुल गांधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को गद्दार कहे जाने से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ता व आम जनमानस ने राहुल गांधी का पुतला दहनकर जमकर नारेबाजी की। इस बयान बाजी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुये भाजपा नेताओं ने इसे प्रधानमंत्री और देश के 140 करोड़ जनता का अपमान करार दिया।

उक्त अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र दाढ़ी,देवेन्द्र सिंह, शरद सिंह, जन्मजय सिंह, विजय सिंह, रविन्द सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश पांडे , नरेन्द्र सिंह, अनुज मौर्य, तिलक सिंह, अभिषेक वर्मा, राज कुमार सिंह, रवि चैधरी, रेनू सिंह, अनुष्ठान सिंह, वीरेन्द्र सिंह, एस सुधीर गुप्ता, अभिषेक शुक्ला, वीरू सिंह, मनीष,नीरज सिंह, शशिकांत शर्मा, सोनू सिंह,अंशुमान, आदर्श, राजा ,वीरेंद्र गौतम, रामसुमेर लोधी, अनुपम सहित जिला मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला मौजूद रहे।

## ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर डीएम-एसपी ने धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों व पीस कमेटी के सदस्यों के साथ की बैठक

# अमन चैन के साथ सभी पर्व व त्योहारों को मनाया जाएः डीएम

देश की रोशनी, संवाददाता।

### विगत वर्षों की भांति ही आगामी पर्व पर भी प्रशासन व पुलिस का रहेगा सहयोग - एसपी



**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने कोतवाली रायबरेली में ईद-उल-अजहा (बकरीद) सहित आगामी पर्वों एवं त्योहारों के दृष्टिगत धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों तथा पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की।

बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित धर्मगुरुओं एवं पीस कमेटी के सदस्यों से त्योहारों के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कानून-व्यवस्था संबंधी सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं शांति बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विगत वर्षों की भांति ही आगामी पर्व पर भी प्रशासन व पुलिस का सहयोग रहेगा तथा किसी भी समस्या के समाधान के लिए पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन के साथ उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि नमाज के लिए मस्जिदों व ईदगाहों के आस-पास समुचित सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन कैमरों की सहायता से निगरानी की जाएगी तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की सभी व्यवस्थाएं की जायेंगी।

बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार संपन्न कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सहित विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु व प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे।

## आईसीसी बैठक में गेंद के रंग और पारी के ब्रेक टाइम पर हुई चर्चा

दुबई, एजेंसी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रेड-बॉल, व्हाइट-बॉल और पिंक-बॉल क्रिकेट में खेलने के हालात में बड़े बदलाव करने पर विचार कर रही है और बोर्ड की 30 मई को अहमदाबाद में होने वाली बैठक में मंजूरी मिलने पर इसे लागू किया जा सकता है।क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित बदलावों में मुख्य कोच को ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत देना भी शामिल है। यह बदलाव मुख्य रूप से वनडे क्रिकेट के लिए है, जहां अभी केवल सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों को ही मैदान में आने की इजाजत है। खेलने के हालात में मौजूदा क्लॉज में कहा गया है, मैदान पर ड्रिंक्स ले जाने वाले किसी भी खिलाड़ी को सही क्रिकेट ड्रेस पहननी होगी।

# पुरानी ने छोड़ा तो नई टीम के 'धुरंधर' बन गए ये खिलाड़ी

**दमदार**

इंडियन प्रीमियर लीग में हर सीजन कई खिलाड़ी अपनी पुरानी टीमों से बाहर कर दिए जाते हैं, लेकिन कुछ खिलाड़ी नई फ्रेंचाइजी में जाकर खुद को फिर साबित कर देते हैं। आईपीएल 2026 में भी कई ऐसे चेहरे उभरे, जिन्होंने रिलीज होने के बाद नई टीम के लिए दमदार प्रदर्शन कर अपनी अलग पहचान बनाई। आइए नजर डालते हैं ऐसे ही खिलाड़ियों पर-

### डोनोवन फरेरा, राजस्थान



दिल्ली कैपिटल्स ने 2025 में विदेशी खिलाड़ियों की भरमार के कारण डोनोवन फरेरा को रिलीज कर दिया था। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 2026 से पहले एक करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया। फरेरा ने फिनिशर की भूमिका में शानदार प्रदर्शन करते हुए 258 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 175.35 रहा। उन्होंने 22 चौके और 17 छक्के लगाए, जबकि उनके करीब 77% रन बाउंड्री से आए। विकेटकीपर बल्लेबाज होने के बावजूद उन्होंने बीच के ओवरों में गेंदबाजी भी की और एक विकेट लिया।

### डेविड मिलर, दिल्ली



पिछले सत्र में लखनऊ ने उम्र और भविष्य की रणनीति को देखते हुए मिलर को रिलीज किया था। पर 2026 में दिल्ली के लिए उन्होंने शानदार फिनिशर की भूमिका निभाई। मिलर ने 37 की औसत और 155.08 के स्ट्राइक रेट से 183 रन बनाए। पंजाब के खिलाफ 28 गेंदों में अर्धशतक और गुजरात के विरुद्ध 20 गेंदों में 40 रन की उनकी पारी यादगार रहीं। इस सत्र में मिलर ने हर 4.54 गेंद में एक बाउंड्री लगाई, जबकि 2013 में पंजाब के लिए हर 4.80 और 2022 में गुजरात के लिए हर 5.71 गेंद में एक बाउंड्री लगाते थे।

### जोश इंग्लिस, लखनऊ



पंजाब किंग्स ने पिछले साल इंग्लिस को रिलीज कर दिया था। इस बार लखनऊ ने उन्हें 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा। शादी के चलते वह लीग के अंत में जुड़े मगर चार मैचों में ही छाप छोड़ दी। बतौर सलामी बल्लेबाज उन्होंने 48.50 की औसत से 194 रन बनाए हैं। तेज शुरुआत दिलाई जिसकी लखनऊ को दरकार भी थी। चेन्नई के खिलाफ एक मैच में इंग्लिस की (33 गेंदों में 85 रन) की बदौलत लखनऊ ने पावरप्ले के छह ओवरों में 91 रन कूट डाले, जो आईपीएल 2026 सीजन में लखनऊ का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर रहा।

### मोहम्मद शमी, लखनऊ



हैदराबाद ने फिटनेस और लंबी अवधि की योजना को ध्यान में रखते हुए शमी को 2025 में रिलीज किया। इस बार लखनऊ ने उन्हें 9.50 करोड़ रुपये में लपक लिया। उन्होंने पावरप्ले में बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाया और महज छह की इकोनॉमी से गेंदबाजी की। शमी ने पावरप्ले में 80 से ज्यादा डॉट गेंदें फेंकी हैं। शमी ने पावरप्ले में फेंकी जाने वाली लगभग हर दूसरी गेंद डॉट निकाली। वह कुल 122 डॉट गेंदों के साथ शीर्ष पांच गेंदबाजों में शामिल हैं। वह 8.81 इकॉनमी के साथ 12 मैचों में 10 विकेट ले चुके हैं।

### संजू सैमसन, चेन्नई



आईपीएल इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ था जब किसी टीम ने अपने कप्तान को ही ट्रेड कर दिया। राजस्थान ने 2025 में टीम पुनर्निर्माण के कारण संजू को ट्रेड किया था। चेन्नई के लिए संजू ने सलामी बल्लेबाजी की। संजू ने लीग में सबसे तेज पांच हजार रन पूरे किए व सुरेश रैना को पीछे छोड़ा। उन्होंने 14 मैचों में दो शतक और एक अर्धशतक के साथ 477 रन बनाए। वह एक सत्र में दो या दो से अधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाजों के क्लब में शामिल हो गए।

## मुम्बई इंडियंस से बाहर निकलकर किशन में बेतहाशा सुधार हुआ हैः रायुडू



हैदराबाद, एजेंसी।

अंबाती रायुडू के अनुसार स्टार खिलाड़ियों से भरी मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा नहीं रहने से इशान किशन को आज का खिलाड़ी बनने में मदद मिली है।रायुडू ने ईएसपीएन पर एक कार्यक्रम के दौरान कहा, किशन मुंबई जैसी टीम में बड़े होते हुए सुपरस्टार बनना चाहते थे, लेकिन अब वह अपने दम पर सुपरस्टार हैं। एमआई में अपने आसपास इतने बड़े सितारों के बीच स्वयं को साबित करना बहुत मुश्किल रहा होगा। वे खिलाड़ी जानते हैं कि अपने खेल को कब ऑन करना है और कब वापसी करनी है। लेकिन कई युवा खिलाड़ी यह नहीं समझ पाते कि कब खुद को ऑफ करना है और कब ऑन करना है। यह बहुत बड़ी चुनौती होती है और मुझे यकीन है कि उन्होंने यह चीज सीखी है और मुश्किल तरीके से सीखी है।किशन इस समय आईपीएल 2026 ऑरेंज कैप सूची में पांचवें स्थान पर हैं। अब तक 14 मैचों में उन्होंने 40.64 की औसत और 178.36 के स्ट्राइक रेट से 569 रन बनाए हैं। शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उनकी 46 गेंदों में 79 रन की पारी, इस सीजन में उनका छठा 50 प्लस का स्कोर था, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।इससे पहले उन्होंने किसी भी आईपीएल सीजन में तीन से ज्यादा 50 स्कोर नहीं बनाए थे।उन्होंने कहा, रउनकी शॉट सिलेक्शन में बहुत बड़ा सुधार आया है। शुरुआती वर्षों में हमने उन्हें शॉट चयन को लेकर कई गलत फैसले लेते देखा था। लेकिन यहां हमने देखा कि वह ज्यादातर समय सही फैसला ले रहे थे। मुझे लगता है कि झारखंड की कप्तानी ने उन्हें अपने खेल को लेकर बहुत सी चीजें समझाई हैं। कई बार कप्तानी मिलने के बाद खिलाड़ी बेहतर बल्लेबाज बन जाते हैं और वह उन्हीं में से एक हैं, जिन्होंने स्पष्टता के मामले में जबरदस्त सुधार किया है।

**हैदराबाद को 55 रन से जीतकर भी तीसरे स्थान से करना पड़ा संतोष, अभिषेक, ईशान और क्लासेन के पचासे**

# हारकर भी शीर्ष पर आरसीबी

हैदराबाद, एजेंसी।



ईशान किशन (79), अभिषेक शर्मा (56) और हाइनरिक क्लासन (51) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 67वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 55 रनों से हराया। इस मैच में आरसीबी को शीर्ष 2 में समाप्त करने के लिए 166 रन बनाने थे और वेंकटेश अय्यर ने उन्हें एक आक्रामक शुरुआत भी दिलाई थी। वेंकटेश ने मात्र 19 गेंदों पर 44 रन बनाए, हालांकि इसके बाद आरसीबी को नियमित झटके लगे जिसके बाद उन्होंने संभलकर बल्लेबाजी की और 166 के स्कोर को छूते हुए क्वालिफायर-1 में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। आरसीबी से पहले गुजरात टाइटंस ने एक दिन पहले ही चेन्नई सुपर किंग्स पर बड़ी जीत दर्ज करते हुए क्वालिफायर-1 में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली थी। 256 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी के लिए वेंकटेश अय्यर और विराट कोहली की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। पांचवें ओवर में ईशान मलिंगा ने वेंकटेश अय्यर को आउट कर सनराइजर्स हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। अय्यर ने 19 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 44 रनों की पारी खेली। छठें ओवर में साकिब हुसैन ने विराट कोहली (15) का शिकार कर लिया। नौवें ओवर में मलिंगा ने देवदत्त पड्डिकल (21) को आउटकर अपना दूसरा विकेट लिया। 19वें ओवर में ट्रेविस हेड ने रजत पाटीदार को कैच आउट कराया। पाटीदार ने 39 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 56 रनों की पारी खेली। आरसीबी की टीम निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 200 रन ही बना सकी और 55 रनों से मुकाबला हार गई। क्रुणाल पांड्या ने 31 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए नाबाद 41 रन बनाये। टिम डेविड ने सात गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 15 रन बनाये।

इससे पहले आज यहां सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की जोड़ी ने पहले विकेट लिए (45) रन जोड़े। चौथे ओवर में रसिख सलाम ने ट्रेविस हेड 16 गेंदों में (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। नौवें ओवर में सुयश शर्मा ने अर्धशतक बना चुके अभिषेक शर्मा का शिकार कर लिया। अभिषेक शर्मा ने 22 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 56 रनों की पारी खेली। सनराइजर्स का तीसरा विकेट 17वें ओवर में हाइनरिक क्लासन के रूप में गिरा। उन्हें क्रुणाल पांड्या ने आउट किया। हाइनरिक क्लासन ने 24 गेंदों में दो चौके और पांच छक्के लगाते हुए 51 रन बनाये।

सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 255 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इशान किशन ने 46 गेंदों में आठ चौके और तीन छक्के लगाते हुए 79 रनों की पारी खेली। वहीं पारी की आखिरी गेंद पर कैच आउट हुये। वहीं नीतीश कुमार रेड्डी ने 12 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 29 रन बनाये। इस स्कोर के साथ सनराइजर्स ने टॉप 2 में अपना स्थान पक्का करने के लिए दरवाजा खोल दिया है। आरसीबी के लिए रसिख सलाम ने दो विकेट लिये। क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## आईपीएल स्टार माधव तिवारी होंगे उज्जैन फाल्कन्स का हिस्सा

उज्जैन (मध्य प्रदेश), एजेंसी।

इंदौर में होने वाली मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 के लिए उज्जैन फाल्कन्स ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें युवा ऑलराउंडर माधव तिवारी सबसे बड़े आकर्षण के रूप में उभरकर सामने आए हैं।इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहे माधव तिवारी इस समय मध्य प्रदेश के सबसे चर्चित युवा क्रिकेटरों में से एक हैं। तेज गेंदबाजी करने वाले इस ऑलराउंडर ने अपनी प्रभावशाली गेंदबाजी और निडर बल्लेबाजी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है।टीम को लेकर उज्जैन फाल्कन्स के प्रमोटर विनायक कलानी ने कहा कि, रहम एमपीएल के लिए तैयार की गई अपनी टीम को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। माधव तिवारी ने हाल ही में उच्च स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। हमें विश्वास है कि वह इस सीजन में उज्जैन फाल्कन्स के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनकर उभरेंगे।

शेष पृष्ठ संख्या 01 ..............

### मुंबई के खिलाफ गरजने .....

को और मजबूत किया। यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल के साथ मिलकर, सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की बैटिंग यूनिट की रीढ़ की हड्डी का काम किया है, जो आक्रामकता और इरादे पर टिकी रही है। आरआर के हालिया प्रदर्शनों ने एक ऐसी रणनीति दिखाई है जो विरोधी टीम पर शुरू में ही हमला करने और बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखने पर आधारित है; यह एक ऐसी रणनीति है जिसने इस सीजन में कई बड़े स्कोर वाले मैचों में सफलता दिलाई है।जैसे ही आरआर 24 मई को मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में संघर्ष कर रही मुंबई इंडियंस का सामना करने की तैयारी कर रही है, सबका ध्यान इस बात पर टिका है कि क्या यह युवा सनसनी एक बार फिर किसी बड़े मैच के नतीजे पर असर डाल पाएगी। वानखेड़े की पिच, जो बैटिंग के लिए मददगार हालात और छोटी बाउंड्री के लिए जानी जाती है, से एक बार फिर रनों की बौछार होने की उम्मीद है, क्योंकि इस सीजन में टीमें नियमित तौर पर 200 रनों का आंकड़ा पार कर रही हैं।हालांकि, मुंबई इंडियंस एक निराशाजनक अभियान के बाद इस मैच में दबाव में उतर रही है। 13 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ, पाँच बार की चैंपियन टीम को लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है, जबकि उनकी टीम में रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे बड़े सितारे शामिल हैं। कभी-कभार किसी खिलाड़ी के अकेले दम पर किए गए अच्छे प्रदर्शन टीम की सामूहिक सफलता में तब्दील नहीं हो पाए हैं, जिसकी वजह से एमआई पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर है।जसप्रीत बुमराह और दीपक चाहर की अगुवाई वाली बॉलिंग यूनिट पर आरआर के आक्रामक टॉप ऑर्डर को रोकने की जिम्मेदारी होगी। बड़े दबाव वाले मैचों में बुमराह का अनुभव बहुत अहम होगा, क्योंकि एमआई एक ऐसी बैटिंग लाइनअप को रोकने की कोशिश करेगी जिसने हाल के मैचों में विरोधी टीमों के हमलों को बार-बार करारा जवाब दिया है।दोनों टीमों के बीच के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड भी इस मुकाबले को और दिलचस्प बनाते हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स ने पिछले पाँच मुकाबलों में से तीन जीते हैं। यह थोड़ा सा मनोवैज्ञानिक फायदा, मौजूदा फॉर्म के साथ मिलकर, मैच से पहले के आकलन में आरआर को थोड़ा आगे रखता है।फिर भी, मुंबई इंडियंस घरेलू परिस्थितियों की अपनी जानकारी का फायदा उठाकर मैच का पासा पलटने की कोशिश करेगी।

### दिल्ली-केकेआर के लिए......

अब भी एक जुआ जैसी है, जो पूरी तरह से विस्फोटक बल्लेबाजों की मारक क्षमता पर टिकी है। जब फिन एलन या अंगकृष रघुवंशी का बल्ला चलता है, तो केकेआर को रोकना नामुमकिन सा लगता है। और जब वे नाकाम रहते हैं, तो मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अक्सर सही दिशा खोजने में मुश्किल होती है। इसी तरह की अनियमितता की वजह से प्लेऑफ में पहुंचने की उनकी उम्मीदें अब भी बहुत पतले धागे पर लटकी हुई हैं।

दूसरी तरफ, दिल्ली कैपिटल्स के खेमे में एक अलग ही तरह का तनाव पसरा हुआ है। उनका पूरा अभियान कभी शानदार प्रदर्शन, तो कभी पूरी तरह से बिखर जाने के बीच झूलता रहा है। इस टीम के केंद्र में खड़े हैं केएल राहुल-इस सीजन की 'रन मशीन'-जो इस अफरा-तफरी के माहौल में भी पूरी तरह शांत और संयमित नजर आते हैं। उनके साथ-साथ, डेविड मिलर और आशुतोष शर्मा जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों ने अपनी जबरदस्त हिटिंग क्षमता के दम पर, मैच के आखिरी ओवरों में ही पूरा पासा पलट दिया है। लेकिन इस सीजन की एक अजीब विडंबना ही उनकी पहचान बन गई है: वे एक रात तो बड़े ही शानदार अंदाज में 200 रनों का लक्ष्य भी आसानी से हासिल कर लेते हैं, और अगली ही रात मैच के बीच के ओवरों में पूरी तरह से ढेर हो जाते हैं। इस मुकाबले में जो सबसे बड़ा ट्विस्ट आया है, वह है दिल्ली का 'नेट रन रेट' वाला पेंच। हो सकता है कि एक बड़ी और शानदार जीत भी उनके लिए काफी न हो। इसका सीधा सा मतलब यह है कि अब हर 'बाउंड्री' (चौका या छक्का) सिर्फ मैच जीतने के लिए नहीं है, बल्कि यह टूर्नामेंट में अपनी जगह बचाने के लिए की जा रही एक 'गणितीय दौड़' है। अब हर ओवर एक हिसाब-किताब है, और हर विकेट, टूर्नामेंट में बने रहने की उम्मीदों का संभावित अंत। नई गेंद के साथ मिचेल स्टार्क, बीच के ओवरों में कुलदीप यादव, और टॉप पर केएल राहुल डीसी को जरूरी हथियार देते हैं। लेकिन यहाँ क्रिकेट अब सिर्फ हथियारों के बारे में नहीं है-यह टाइमिंग, मार्जिन और किस्मत के बारे में है।

### 90 मजदूरों की....

एजेंसियों ने हिरासत में ले लिया है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शनिवार सुबह 6:00 बजे तक 201 खनिकों को खदान से बाहर निकाल लिया गया था। बताया जा रहा है कि चीन के राष्ट्रीय खदान सुरक्षा नियामक ने साल 2024 में ही गैस का स्तर बढ़े होने के कारण लियुशेन्यू खदान को बेहद संवेदनशील और खतरनाक घोषित किया था।सालाना करीब 12 लाख टन उत्पादन क्षमता वाली यह खदान शांक्सी में स्थित है। यह चीन का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक इलाका है। इस क्षेत्र में सुरक्षा लिहाज से खदान हादसे लगातार बड़ी चिंता बने हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि विस्फोट की असली वजहों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### आरबीआई ने भरी मोदी सरकार.....

के बीच बनाये रखने का लचीलापन प्रदान करता है। केंद्रीय बोर्ड ने कहा है कि सीआरबी को बैलेंस शीट के आकार के 6.5 प्रतिशत पर बनाये रखने का निर्णय लिया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में यह राशि 44,861.70 करोड़ रुपये थी जिसे बढ़ाकर 1,09,379.64 करोड़ रुपये किया गया है।केंद्रीय बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बैंक की सकल आय में सालाना 26.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साथ ही जोखिम प्रावधानों से पहले व्यय में 27.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। जोखिम प्रावधान और वैधानिक निधियों में हस्तांतरण से पहले बैंक की शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025-26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 3,13,455.77 करोड़ था। बैंक की बैलेंस शीट 31 मार्च 2026 तक 20.61 प्रतिशत बढ़कर 91,97,121.08 करोड़ रुपये हो गयी।बैठक में वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य तथा उससे जुड़े जोखिमों की भी समीक्षा की गयी। इसमें डिप्टी-गवर्नर स्वामिनाथन जे., पूनम गुप्ता, शिरीश चंद्र मुर्मु, रोहित जैन तथा केंद्रीय बोर्ड के अन्य निदेशक उपस्थित रहे।

### पेट्रोल-डीजल, सीएनजी.....

बढ़ाये गये थे। दिल्ली में आज से एक लीटर पेट्रोल 99.51 रुपये का और डीजल 98.64 रुपये का हो गया है। पहले इनकी कीमत क्रमशः 98.64 रुपये और 91.58 रुपये प्रति लीटर थी। इससे पहले 15 मई को पेट्रोल-डीजल के दाम दिल्ली में तीन-तीन रुपये बढ़े थे। इसके बाद 19 मई को भी पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था।कोलकाता में आज से पेट्रोल की कीमत 94 पैसे बढ़कर 110.64 रुपये और डीजल की 95 पैसे बढ़कर 97.02 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गयी है।चेन्नई में पेट्रोल 82 पैसे और डीजल 87 पैसे महंगा हुआ है। आज से वहां एक लीटर पेट्रोल 105.31 रुपये का और एक लीटर डीजल 96.98 रुपये का हो गया है।पश्चिम एशिया में जारी संकट और आपूर्ति में बाधा के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट से तेल विपणन कंपनियों की लागत बढ़ रही है। यही कारण है कि वे पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा रही हैं।इंडियन ऑयल ने अपने प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी95 की कीमत 87 पैसे बढ़ाकर 106.63 रुपये और प्रीमियम डीजल एक्सजी की कीमत 91 पैसे बढ़ाकर 97.81 रुपये प्रति लीटर कर दी है। शहरी गैस वितरण कंपनी आईजीएल की वेबसाइट से मिली जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज से सीएनजी 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम मिलेगी।

### अब नई तकनीक का होगा...

है।पीएमजीएसवाई 3.0 अब समाप्ति की ओर है और अब पीएमजीएसवाई 4.0 पर तेजी से काम शुरू किया जाए, ताकि छूटे हुए मजरों और ग्रामीण इलाकों को भी मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि एफडीआर तकनीक पर्यावरण के अनुकूल निर्माण प्रणाली है।इसके तहत पुरानी सड़क की गिट्टी और सामग्री को मशीनों से पुनर्चक्रित कर उसमें सीमेंट और विशेष स्टेबलाइजर मिलाकर मजबूत बेस तैयार किया जाता है। इससे नई गिट्टी की जरूरत कम होती है, लागत घटती है और सड़कें अधिक मजबूत व टिकाऊ बनती हैं। उपमुख्यमंत्री ने राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे केवल फाइलों पर निर्भर न रहें, बल्कि जमीनी स्तर पर जाकर कार्यों की गुणवत्ता की जांच करें। लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। सांसदों, विधायकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से निरंतर संवाद बनाए रखें, ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता और तेजी लाई जा सके।

### दिया भारत को....

ताइवान को भारतीय इंजीनियर्स चाहिए। भारतीय वर्कर्स चाहिए, भारतीय टैलेंट चाहिए। लेकिन सवाल ऐसे में यह उठ रहा है कि क्या भारतीय वर्कर्स को लेकर ताइवान के एक हिस्से में असहजता बढ़ रही है? बता दें कि ताइवान की सबसे बड़ी समस्या यह है कि उसकी आबादी लगातार घट रही है। जापान, साउथ कोरिया और चीन की तरह ताइवान में भी फर्टिलिटी रेट तेजी से गिर रहा है। काम करने वाले लोग कम पड़ रहे हैं। आबादी कम पड़ रही है और इसी वजह से उन्हें बाहर से वर्कर्स चाहिए। और सबसे बड़ा विकल्प कौन है ताइवान के पास में वो है भारत। लेकिन भारतीयों को लेकर जिस तरह का रेसिज्म यहां पर खुलकर सामने आ रहा है, उसने भारत में भी नाराजगी बढ़ा दी है। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि जिस समय चीन लगातार ताइवान पर दबाव बढ़ा रहा है, उसी समय भारत जैसे संभावित पार्टनर के लोगों को टारगेट करना ताइवान के लिए रणनीतिक गलती भी माना जा रहा है। ताइवान सरकार के वरिष्ठ अधिकारी जोसेफ वू ने खुद इस कैंपेन की आलोचना की। उन्होंने यह कहा कि कुछ लोकल नेता सिर्फ अटेंशन पाने के लिए यह सब कुछ कर रहे हैं। लेकिन सवाल अब भी यह है कि अगर सरकार गंभीर है तो फिर बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों सामने आ रही हैं और क्यों हो रही है? याद कीजिए कुछ समय पहले ताइवान के एक मंत्री ने यह कहा था कि उन्हें भारत से खासतौर पर नॉर्थ ईस्ट इंडियन वर्कर्स चाहिए क्योंकि उनका स्किन कलर ताइवानी लोगों जैसा है। सोचिए 2026 में भी इंसानों के स्किन कलर के आधार पर उन्हें जज किया जा रहा है और यही सबसे खतरनाक बात है क्योंकि ऑनलाइन शुरू हुई नफरत धीरे-धीरे रियल लाइफ में उतरने लगती है।

### कामगार बच्चों को पढ़ायेगी......

है। कोई भी बच्चा आर्थिक मजबूरी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। बाल श्रम प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा जाए और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए। निजी क्षेत्र के सहयोग से इन बच्चों के कौशल विकास की कार्ययोजना तैयार की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि वर्ष 2020 में प्रारम्भ की गई ह्यबाल श्रमिक विद्या योजनाह्न के अन्तर्गत 08 से 18 वर्ष आयु वर्ग के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में योजना 20 जनपदों में संचालित है। मुख्यमंत्री जी ने इसे नए प्रावधानों के साथ प्रदेश के सभी 75 जनपदों में लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने सेवामित्र व्यवस्था को रोजगार और जनसुविधा का अभिनव मॉडल बताते हुए कहा कि तकनीक आधारित ऐसी व्यवस्थाएं युवाओं और कुशल कामगारों के लिए नए अवसर तैयार करती हैं। इसे और अधिक प्रभावी तथा जनोपयोगी बनाया जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि वर्ष 2021 से संचालित इस व्यवस्था के तहत नागरिक मोबाइल ऐप, वेब पोर्टल अथवा कॉल सेन्टर के माध्यम से घरेलू सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में पोर्टल पर 1,097 सेवा प्रदाता, 5,049 सेवामित्र और 54,747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री जी ने सरकारी विभागों में भी आवश्यकता के अनुसार सेवामित्र व्यवस्था के उपयोग के प्रस्ताव को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री जी ने श्रम विभाग में हुए संस्थागत सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि उद्योगों के अनुकूल वातावरण और श्रमिक हितों के बीच संतुलन बनाना सरकार की नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में अब तक 32,583 कारखाने पंजीकृत हो चुके हैं। मार्च 2017 तक जहां यह संख्या 14,176 थी, वहीं अप्रैल 2017 के बाद 18,407 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4,860 कारखानों का पंजीकरण किया गया। विभाग को बी0आर0ए0पी0 के क्रियान्वयन में ह्यटॉप अचीवरह्न के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है तथा उद्योग समागम 2025 में श्रम क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री जी ने निर्माण श्रमिकों के लिए सभी औद्योगिक शहरों में प्रस्तावित श्रमिक सुविधा केन्द्रों यानी लेबर अड्डों को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन केन्द्रों को केवल श्रमिकों के एकत्रीकरण स्थल के रूप में नहीं, बल्कि श्रमिक सहायता एवं सुविधा केन्द्र के रूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बड़ी संख्या में दूसरे क्षेत्रों से आने वाले श्रमिकों के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित आवास सुविधा उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कानपुर में प्रस्तावित औद्योगिक श्रमिक प्रशिक्षण संस्थान और छात्रावास योजना को कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करना समय की मांग है। मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि विष्णुपुरी स्थित भूमि पर 200 प्रशिक्षुओं की क्षमता वाला प्रशिक्षण संस्थान प्रस्तावित है, जहां कारपेन्टरी, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, प्लम्बर, पेन्टर और बिल्डिंग कन्स्ट्रक्शन सहित विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त बेनाझाबर स्थित भूमि पर 200 प्रशिक्षुओं की क्षमता वाला छात्रावास भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री जी ने रोजगार सृजन को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में बताते हुए कहा कि प्रदेश के युवाओं को स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

# पुलिस उत्पीड़न व विकास मुद्दों पर भाकियू की महापंचायत का ऐलान

देश की रोशनी, संवाददाता।

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष नवल सिंह पटेल की अध्यक्षता में नहर कॉलोनी में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह मौजूद रहे। बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 3 जून को बहुआ ब्लॉक परिसर में पुलिस उत्पीड़न एवं ब्लॉक क्षेत्र की विकास समस्याओं को लेकर महापंचायत आयोजित की जाएगी, जबकि 8 जून को अशोथर ब्लॉक परिसर में पंचायत का आयोजन होगा।

किसानों ने सरकार की घोषित विद्युत कटौती पर भारी नाराजगी जताते हुए धान की बेड बोने के लिए किसानों को तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग उठाई। साथ ही नहरों में पूरी क्षमता के साथ पानी छोड़े जाने, 100 कुंतल गेहूं बेचने वाले किसानों का सत्यापन समय से कराने तथा जनपद में ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की गई। बैठक में अवैध बालू खनन और मोरम खदानों पर रोक लगाने, वन विभाग द्वारा कराए जा रहे कथित फर्जी वृक्षारोपण की जांच कराने और लगाए गए पौधों का सत्यापन कराने की भी मांग की गई।

किसानों ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में रास्ते खोदकर अधूरे छोड़ दिए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन रास्तों को जल्द दुरुस्त कराने, अधूरी पड़ी पानी की टंकियों को पूर्ण कराकर जलापूर्ति बहाल करने की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा सथरियांव पावर हाउस की 33 हजार लाइन को मलवां से जोड़ने, अलीपुर से आदमपुर मार्ग का निर्माण कार्य पूरा कराने और जिले में विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 1 जून को गांधी चौराहा बिंदकी में अवैध वाहनों के संचालन के विरोध में पंचायत आयोजित की जाएगी, जबकि 5 जून को अलीपुर में पंचायत होगी। वहीं, जनपद के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी 15 जून को दून एक्सप्रेस से हरिद्वार में आयोजित चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए रवाना होंगे।

इस अवसर पर जिला महासचिव मुन्ना शेख, देवनारायण पटेल, नागेंद्र यादव, एकलाख अहमद, जितेंद्र पटेल, बच्चीलाल फौजी, दिनेश शुक्ला, सुनील पासवान, राजा यादव, अभय सैनी, रियांश भैया, श्याम किशोर, तनजीत पटेल समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।



## छोटे भाई की हत्या करने वाला बड़ा भाई 12 घंटे में गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त बांस का डंडा बरामद



देश की रोशनी, संवाददाता।

बिन्दकी/फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ममरेजपुर गांव में ट्यूबवेल से खेत में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई की हत्या करने वाले आरोपी बड़े भाई को पुलिस ने घटना के महज 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल किया गया बांस का डंडा भी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार, 21 मई को ममरेजपुर गांव निवासी अनिल सिंह (45) और उसके छोटे भाई कमल सिंह (33) के बीच खेत में पानी लगाने को लेकर कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आए अनिल ने घर में रखा बांस का डंडा उठाकर कमल सिंह पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में कमल गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों द्वारा घायल कमल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण उसने 22 मई की सुबह दम तोड़ दिया।

घटना के बाद आरोपी अनिल सिंह मौके से फरार हो गया था, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। कल्यानपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार दोपहर करीब 2:41 बजे आरोपी अनिल सिंह को रेवाड़ी अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बांस का डंडा भी बरामद कर लिया गया। पइस बाबत कल्याणपुर थानाध्यक्ष सुमित देव पांडेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी चुनाव के लिए गुरमीत सिंह समेत पूरी कार्यकारिणी ने किया नामांकन



देश की रोशनी, संवाददाता।

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी फतेहपुर के चुनाव को लेकर शनिवार को सरगर्मी तेज रही। आज दिनांक 23 मई 2026 को दोपहर 1 बजे चुनाव में भाग लेने हेतु गुरमीत सिंह ने अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ नामांकन दाखिल किया। चुनाव अधिकारी एवं अपर उपजिलाधिकारी दुर्गेश यादव के समक्ष नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान गुरमीत सिंह के साथ उनकी कार्यकारिणी के सदस्य मिसबाहुल हक, केशव अग्निहोत्री, सुयश, अजय कुमार साहू, प्रभात सिंह, शगुफ्ता वसीम, प्रेम शंकर मिश्रा, बुध प्रकाश मौर्य और हिमांशु श्रीवास्तव मौजूद रहे।नामांकन के मौके पर सभी प्रत्याशियों के प्रस्तावक और अनुमोदक भी उपस्थित रहे।

## खास खबर

### गोहत्या के आरोपी का मकान कुर्क

अंबेडकरनगर। अहिरौली पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में शनिवार को गोहत्या से अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया गया है। करीब तीन लाख रुपये मूल्य की अर्धनिर्मित अचल संपत्ति को राज्य सरकार के पक्ष में जब्त किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट के 11 मार्च 2026 के आदेश के अनुपालन में यूपी गैंगस्टर एक्ट के आरोपी इबरार उर्फ गुड्डू निवासी असंदा पांडेय पैकौली के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। इबरार ने गोहत्या जैसे अपराधों से अर्जित अवैध धन से गाटा संख्या 393, परिवर्तित गाटा संख्या 641 रकबा 0.038 हेक्टेयर भूमि पर अर्धनिर्मित मकान और पिलर का निर्माण कराया था।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, पहचान न होने से पुलिस परेशान

खागा/फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के बेलहापार के समीप शनिवार को नई रेलवे लाइन पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पाकर खागा कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहपुर भेज दिया है।

### बसखारी सीएचसी में आग, टला बड़ा हादसा

अंबेडकरनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बसखारी में शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अधीक्षक कार्यालय में अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। अस्पताल का फायर अलार्म बजते ही मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, अस्पताल स्टाफ की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।सीएचसी बसखारी की दूसरी मंजिल पर अधीक्षक का कार्यालय है।

## भीषण गर्मी में जनगणना कार्य टालने की मांग, संगठन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

देश की रोशनी, संवाददाता।



फतेहपुर। प्रोफेसर, टीचर एंड नॉन टीचिंग इंप्लाइज संगठन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए जनगणना कार्य एक माह बाद कराए जाने की मांग उठाई है।संगठन ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत 22 मई से मकान गणना एवं हाउस लिस्टिंग का कार्य शुरू किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। उत्तर प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियां अलग-अलग होने के कारण कई क्षेत्रों में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच चुका है। मौसम विभाग और सरकार की ओर से भी लगातार हीट वेव को लेकर चेतावनी जारी की जा रही है। संगठन का कहना है कि ऐसी परिस्थितियों में जनगणना जैसा व्यापक फील्ड कार्य कराना चिंता का विषय है। इससे ड्यूटी में लगे शिक्षकों और कर्मचारियों के बीमार होने, लू लगने और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है, जिससे शिक्षकों के बीच भय और निराशा का माहौल है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कोरोना काल में हुए पंचायत चुनावों तथा लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भीषण गर्मी में ड्यूटी के दौरान कई कर्मचारियों और शिक्षकों की मौत की घटनाएं सामने आई थीं। ऐसे में शासन को जनगणना जैसे बड़े कार्य को लेकर संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। संगठन ने मांग की कि 22 मई से 20 जून तक प्रस्तावित जनगणना (हाउस लिस्टिंग) कार्यक्रम को एक माह के लिए स्थगित किया जाए। साथ ही स्व-गणना की अवधि बढ़ाकर अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए जागरूक किया जाए, ताकि नागरिक घर बैठे सुरक्षित तरीके से अपनी जानकारी दर्ज कर सकें और शिक्षकों को प्रतिकूल मौसम की मार से बचाया जा सके।

इस दौरान राजकिशोर पाल, बलराम, महेंद्र कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, संदीप यादव, धर्मराज, रजनीश, दिनेश सैनी, उपेंद्र कुमार, बृजेश कुमार, शाहिद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## युवा कार्यकारिणी के लिए मनोनीत सदस्यों का हुआ पुष्पहार पहनाकर स्वागत

देश की रोशनी, संवाददाता।

फतेहपुर। उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने संगठन का विस्तार करते युवा व्यापार मण्डल का गठन किया व युवा जिलाध्यक्ष पद पर अरशद हाशमी उर्फ मोनू को पुष्पहार पहनाकर स्वागत अभिनंदन करते मनोनीत किया युवा कार्यकारणी में शरीफ अहमद नफीस जियाअख्तर निखिल कुमार मो अहमद मो वसीम माजिद अहमद तेजा को पुष्पहार पहनाकर मनोमयन किया संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा संगठन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रहित समाजहित जनहित व्यापारहित हैं जिसको साकार करने के लिये युवा शक्ति को पिरोकर मजबूत एकता तैयार की जायेगी नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष अरशद हाशमी उर्फ मोनू ने शपथ ग्रहण करते कहा शीघ्र बड़ी कार्यकारणी का गठन करेंगे ।

## फतेहपुर में मिशन 300 की शुरूआत, तालाबों को मिलेगा नया जीवन, डीएम-एसपी ने चलाया फावड़ा

देश की रोशनी, संवाददाता।



फतेहपुर। जनपद में सूखे और अतिक्रमण की मार झेल रहे तालाबों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को ह्यमिशन 300ह्न अभियान का शुभारंभ किया गया। खागा तहसील के ऐरायां ब्लॉक स्थित ग्राम सभा सेमौरी में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने फावड़ा चलाकर अभियान की शुरूआत की।

जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के पहले चरण में जिले के सभी विकासखंडों में 25-25 तालाबों का चयन किया जाएगा। इन तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त कराकर विकसित भारत जी-रामजी योजना के तहत विकसित और पुनर्जीवित किया जाएगा। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि यह अभियान केवल तालाबों की सफाई या सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इससे जल संरक्षण को मजबूती मिलेगी, भूजल स्तर में सुधार होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने उपायुक्त श्रम रोजगार और सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले चिन्हित तालाबों को अतिक्रमणमुक्त कर उनका पुनर्जीवन कार्य पूरा कराया जाए, ताकि बरसात का पानी अधिकतम मात्रा में संरक्षित किया जा सके।अभियान के शुभारंभ अवसर पर एसडीएम खागा डॉ. अभिनीत कुमार, उपायुक्त श्रम रोजगार, खंड विकास अधिकारी समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन की इस पहल को जल संरक्षण और ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं, लंबी वेटिंग से यात्री मायूस

अंबेडकरनगर।

गर्मियों की छुट्टियों में हिल स्टेशन और धार्मिक स्थलों की यात्रा की योजना बना रहे लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। लंबी दूरी की ट्रेनों में कंफर्म टिकट न मिलने के कारण यात्रियों को मायूसी का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू-कश्मीर, योग नगरी ऋषिकेश, मुंबई और अहमदाबाद जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ के चलते अधिकांश सीटें फुल हो चुकी हैं। हालात इतने खराब हैं कि स्पेशल ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग चल रही है, वहीं तत्काल टिकट व्यवस्था भी यात्रियों को राहत नहीं दे पा रही है।अकबरपुर रेलवे स्टेशन से होकर मुंबई जाने वाली मुंबई एलटीटी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन में नौ जून तक लंबी वेटिंग चल रही है, जबकि अहमदाबाद जाने वाली साबरमती एक्सप्रेस में चार जून तक वेटिंग है। इसके अलावा दून एक्सप्रेस में 30 जून तक और कोलकाता एक्सप्रेस (13151) में 13 जून तक रिग्रेट (वेटिंग टिकट की बुकिंग भी बंद) की स्थिति बन चुकी है। आलम यह है कि कई ट्रेनों में अब वेटिंग टिकट मिलना भी बंद हो गया है।शहजादपुर निवासी यात्री आकाश ने बताया कि वह दून एक्सप्रेस का तत्काल टिकट लेने के लिए सुबह नौ बजे से ही लाइन में लगे थे, लेकिन काउंटर खुलने के बाद भी उन्हें टिकट नहीं मिल सका। अब उन्हें अगले दिन फिर से प्रयास करना पड़ेगा।

वहीं, अरियौना निवासी रंजना ने बताया कि उन्होंने साबरमती एक्सप्रेस में चार जून का टिकट बुक कराया है, लेकिन वर्तमान में उनका टिकट 83 वेटिंग पर है, जिससे इसके कंफर्म होने की उम्मीद बहुत कम नजर आ रही है।मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक पलटूराम ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों के कारण ट्रेनों में यात्रियों की संख्या काफी बढ़ गई है, जिसकी वजह से अधिकांश ट्रेनों में वेटिंग और रिग्रेट की स्थिति बनी है।

## क्षेत्र पंचायत बैठक में विकास कार्यों पर मंथन

### गांवों की समस्याओं के समाधान को लेकर रखे गए 40 प्रस्ताव

देश की रोशनी, संवाददाता।



उतरौला (बलरामपुर)। विकास खंड गैंड़ास बुजुर्ग सभागार में क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा गांवों की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से लगभग 40 विकास प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तावों में सड़क निर्माण, खड़ंजा, नाली, पेयजल व्यवस्था, विद्युत प्रकाश, जल निकासी तथा अन्य जनहित से जुड़े कार्य प्रमुख रूप से शामिल रहे।बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। कई जनप्रतिनिधियों ने गांवों में जर्जर सड़कों, अधूरी नालियों, खराब पेयजल व्यवस्था तथा साफ-सफाई जैसी समस्याओं को लेकर चिंता जताई। सदस्यों ने कहा कि बरसात का मौसम नजदीक आने के कारण जल निकासी और सड़क मरम्मत के कार्यों को प्राथमिकता दिए जाने की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया।खंड विकास अधिकारी राम किशुन ने बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्वीकृत योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए।बैठक में तोताराम वर्मा ने किसानों से संबंधित योजनाओं और कृषि विकास के मुद्दों को उठाते हुए कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए किसानों की समस्याओं का समाधान जरूरी है। उन्होंने कृषि आधारित योजनाओं को गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर बल दिया।

वहीं प्रधान संघ अध्यक्ष रुपेश सोनी ने ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ही ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदली जा सकती है।बैठक के दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, पंचायत कर्मचारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा और प्रस्तुत प्रस्तावों के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में क्षेत्र के गांवों में आधारभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सकेगा।

## एनसीसी एल्यूमिनि मीट 2026 का आयोजन, सरसौल कोल्ड स्टोरेज के मालिक सौरव महाना भी हुए शामिल

देश की रोशनी, संवाददाता।

कानपुर। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय कानपुर एवं एनसीसी एल्यूमिनि एसोसिएशन द्वारा शनिवार को सीएसएफ सिनेमा हॉल, कैंट कानपुर में भव्य एनसीसी एल्यूमिनि मीट 2026ह्व का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व एवं वर्तमान एनसीसी कैडेट्स को एक मंच पर लाकर उनके अनुभवों, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना को साझा करना रहा।

इस गरिमामयी अवसर पर ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार शास्त्री, ग्रुप कमांडर ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर एनसीसी के मूल्यों, अनुशासन एवं युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि



एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सशक्त पाठशाला है।कार्यक्रम में कर्नल नीरज नाथानी, कमांडिंग ऑफिसर, 17 यूपी गर्ल्स बटालियन की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स एवं एल्यूमिनि सदस्यों के योगदान की सराहना करते हुए युवाओं को राष्ट्रहित में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## थाना समाधान दिवस आयोजित

देश की रोशनी, संवाददाता।

कानपुर। नरवल और महाराजपुर थाना परिसरों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। नरवल थाना परिसर में बने नए जनसुनवाई कक्ष में एसडीएम नरवल विवेक कुमार मिश्रा और थाना प्रभारी अनिल सिंह तोमर की अगुवाई में समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान दो शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

वहीं महाराजपुर थाना परिसर में इंस्पेक्टर राजेश कुमार की अगुवाई में समाधान दिवस आयोजित किया गया। यहां कुल नौ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।समाधान दिवस में पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, कब्जा, पैमाइश और राजस्व संबंधी विभिन्न शिकायतें अधिकारियों के सामने रखीं।

भीषण गर्मी के बीच महाराजपुर थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने फरियादियों के लिए शीतल मीठे पेयजल और पेठे की व्यवस्था कराकर मानवीय पहल भी दिखाई।

एसडीएम नरवल विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि भूमि एवं जमीन विवाद से जुड़े मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई की जाती है।

देश की रोशनी हिन्दी दैनिक
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक शिवनरेश सिंह द्वारा प्रिंटिंग प्वाइंट लोहार बाग, सीतापुर से मुद्रित कराकर 84 हेड पोस्ट ऑफिस रोड, सीतापुर से प्रकाशित। सम्पादकः विनय मिश्र मो0-9415062056
प्रतिनिधि मंडलः - संरक्षकः रईस अहमद, जिला प्रतिनिधिः अचिन मेहरोत्रा, नगर संवाददाता- प्रशांत मिश्र, मण्डल प्रतिनिधिः दीप चन्द्र सोनी, ब्यूरोचीफ लखनऊः देवेन्द्र सिंह, ब्यूरो चीफ दिल्लीः सुरेश शर्मा। मो0- 9868763435, फोन नं0- 05862-272002 मो0: 9415190612, 9794398000
प्रेस एक्ट के तहत सभी विवादों का निपटारा स्थानीय अदालत में होगा।

**खास खबर**

## ट्रंप ने ईरान के साथ चल रही शांति वार्ता को और समय देने का फैसला किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ चल रही शांति वार्ता को और समय देने का फैसला किया है।यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी है। उन्होंने बताया कि श्री ट्रंप ने कूटनीति को एक मौका देने के लिए, फिलहाल ईरान के खिलाफ हमले फिर से शुरू न करने का फैसला किया है।रिपोर्ट में बताया गया है कि श्री ट्रंप ने शुक्रवार सुबह अमेरिका के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक बैठक की.

## स्पेसएक्स ने स्टारशिप अंतरिक्ष यान के उन्नत संस्करण की पहली परीक्षण उड़ान लॉच की

**वॉशिंगटन।** अमेरीकी उद्योगपति एलन मस्क की अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने अपने स्टारशिप अंतरिक्ष यान के उन्नत संस्करण की पहली परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक लॉच की है। इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के अनुसार यह परीक्षण उड़ान टेक्सास के बोका चिका में स्टारबेस लॉन्च स्थल से की गयी।स्पेस एक्स ने इससे पहले शुक्रवार को इस परीक्षण उड़ान को रद्द कर दिया था।श्री मस्क ने बाद में एक्स पर कहा कि परीक्षण रद्द होने की वजह यान में कोई तकनीकी खराबी नहीं थी। उन्होंने बताया कि लॉन्च टावर की आर्म को सुरक्षित रखने वाली एक हाइड्रोलिक पिन नहीं निकाली गई थी। उन्होंने आगे कहा कि इस समस्या का समाधान जल्द ही हो जाना चाहिए।

## सेंटकॉम ने की घोषणाः ईरान जाने वाले 100 वाणिज्यिक जहाजों के मार्ग बदले

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा है कि उसकी सेनाओं ने ईरान के खिलाफ समुद्री नाकाबंदी लागू करते हुए 100 वाणिज्यिक जहाजों के मार्ग को बदलने का एक बड़ा पड़ाव पार कर लिया है।ईरान के महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य गलियारे की नाकाबंदी किए जाने के जवाब में अमेरिकी सेना ने 13 अप्रैल से यह समुद्री नाकाबंदी लागू की थी। इस नौसैनिक नाकाबंदी का उद्देश्य ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने वाले या वहां से निकलने वाले सभी वाणिज्यिक जहाजों को रोकना है.

**हॉस्टल पर ड्रोन हमले से भड़के व्लादिमीर पुतिन, रूसी सेना को दिया आदेश**

# यूक्रेन को जवाब देने की तैयारी करो

**मॉस्को, एजेंसी।**

यूक्रेन की ओर से हॉस्टल पर हमले के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पुतिन ने रूसी सेना को जवाबी कार्रवाई के तरीकों पर विकल्प तैयार करने का आदेश दिया है। रूस ने दावा किया है कि यूक्रेनी फौज ने शुक्रवार को स्टारोबिलस्क शहर में एक छात्रावास पर जानबूझकर ड्रोन हमला किया है। आम लोगों और छात्रों पर हमले को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। रूस और यूक्रेन में फरवरी, 2022 से लड़ाई चल रही है।

रूसी सरकार की ओर से बताया गया है कि छात्रावास पर हुए ड्रोन हमले में अब तक दस लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। बीबीसी ने क्षेत्र के गवर्नर के हवाले से बताया है कि लुहांस्क क्षेत्र में रातभर चले इस हमले में 38 लोग घायल हुए हैं और 11 अभी लापता हैं। यह दिनों में रूसी पर यूक्रेन का सबसे बड़ा हमला है। पेडागोगिकल यूनिवर्सिटी के कॉलेज की पांच मंजिला डॉरमेट्री बिल्डिंग के अंदर 14-18 साल के 86 बच्चे मौजूद थे।



**कीव में सत्ता पर कब्जा करने वाले 'नियो-नाजी शासन' ने एक स्टूडेंट हॉस्टल पर 'आतंकी हमला' किया। हमला रात में हुआ, जब स्टूडेंट्स सो रहे थे। स्टारोबिल्स्क में बच्चों पर जुल्म करके, कीव शासन और उसके हैंडलर्स दुश्मनी को बढ़ाने और लड़ाई को सुलझाने की कूटनीतिक कोशिशों को कमजोर कर रहे हैं।**
**व्लादिमीर पुतिन**

### यूक्रेन ने एक नई शुरूआत की है

रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि बेबस बच्चों के खिलाफ अमानवीय हमला, हथियारों से होने वाली लड़ाई का एक नया अध्याय है। इसे कीव शासन शुरू कर रहा है, जिसे लड़ाई के मैदान में हार का सामना करना पड़ा। ऐसे हमले नाटो से मिले लंबी दूरी के हथियारों से किए जाते हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह हमला गलती से नहीं हो सकता था। यह आम लोगों पर जानबूझकर किया गया, जो जर्मन नाजियों की भावना से किया गया। हम अंतरराष्ट्रीय संगठनों, देश की सरकारों और दुनियाभर की जनता से स्टारोबेल्स्क में हुए हमले की निंदा करने की अपील करते हैं।

## पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का आर्थिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से चीन दौरा शुरू

**बीजिंग, एजेंसी।**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के चीन के चार दिवसीय दौरे का मकसद आर्थिक सहयोग को बढ़ाना, रणनीतिक रिश्तों को गहरा करना और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) परियोजनाओं को मजबूत करना है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शनिवार को 23 से 26 मई तक चीन के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे के पहले हिस्से में हांग्जो के लिए रवाना हुए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक श्री शरीफ के साथ उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, योजना मंत्री अहसान इकबाल, सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री शजा फातिमा ख्वाजा और विशेष सहायक तारिक फातेमी का भी चीन दौरा हो रहा है। श्री शरीफ अपने दौरे के दौरान हांग्जो में झेजियांग पार्टी सचिव वांग हाओ से मिलेंगे।

## आईआरजीसी से जुड़े आतंकवादी ने रची थी ट्रम्प की बेटी को मारने की साजिश

**वाशिंगटन, एजेंसी।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप को कथित तौर पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े एक आतंकवादी ने मारने की साजिश रची थी। गौरतलब है कि आईआरजीसी की आधिकारिक स्थापना मई 1979 में ईरानी क्रांति के बाद रुहोल्ला खोमैनी द्वारा एक सैन्य शाखा के रूप में की गई थी।द न्यूयॉर्क पोस्ट ने खुफिया सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा है कि हत्या की यह साज़िश 2020 के उस अमेरिकी ड्रोन हमले को लेकर उपजे गुस्से से जुड़ी हुई है, जिसमें ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी मारे गए थे।श्री सुलेमानी ईरान के आईआरजीसी की बाहरी संचालन शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी थे। संदिग्ध की पहचान इराकी नागरिक मोहम्मद बाकर साद दाऊद अल-सादी के रूप में हुई है।



उस पर आरोप है कि उसके ईरान-समर्थित गुटों से संबंध थे, जिनमें आईआरजीसी और इराकी अर्धसैनिक नेटवर्क 'कताइब हिज्बुल्लाह' से जुड़े समूह शामिल हैं।बताया जा रहा है कि उसे 15 मई को तुर्की में गिरफ्तार किया गया था और बाद में अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया, जहाँ अब उस पर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कथित हमलों या हमलों के प्रयासों से जुड़े आतंकवाद के कई आरोप लगाए गए हैं।

**क्या आप जानते हैं**



## हर देश में पोस्टबॉक्स का रंग है अलग

**भारत में पोस्टबॉक्स लाल, चीन में हरे और अमेरिका में नीले होते हैं। जानकारों के अनुसार, ये रंग बिना वजह नहीं चुने गए। इनके पीछे इतिहास, सुरक्षा, युद्ध और आसानी से दिखने की जरूरत छिपी है।**



- भारत में पोस्टबॉक्स लाल रंग के होते हैं, ब्रिटिश काल के दौरान ये हरे रंग के थे।
- हरा रंग झाड़ियों-पेड़ों के बीच छिप जाता था, जिससे बॉक्स खोजने में दिक्कत होती थी।
- 1874 में ब्रिटेन ने रंग बदलकर लाल कर दिया, ताकि बॉक्स साफ नजर आए।
- देश में हरे पोस्टबॉक्स स्थानीय डाक के लिए, नीले पोस्टबॉक्स मेट्रो शहरों की तेज डाक सेवा के लिए उपयोग होते हैं।
- चीन में किंग साम्राज्य के समय हरा रंग चुना गया था।
- 1909 में अमेरिका ने लाल रंग के पोस्टबॉक्स पर रोक लगा दी थी।
- प्रथम विश्व युद्ध के बाद सेना ने बचा हुआ ऑलिव ड्रैब (हरा) पेंट पोस्टबॉक्स पर लगाया था।
- 1971 में संयुक्त राज्य डाक सेवा बनने के बाद देशभक्ति वाला गहरा नीला रंग अपनाया गया।

## पाकिस्तान में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

**6 रुपये लीटर कम हुए दाम**

**कराची, एजेंसी।**



पेट्रोलियम विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, पाकिस्तान की सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल की कीमत में 6 रुपये प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमत में 6.80 रुपये प्रति लीटर की कमी की। इस कमी के बाद, पेट्रोल की कीमत 403.78 रुपये प्रति लीटर और एचएसडी की कीमत 402.78 रुपये प्रति लीटर हो गई है। पेट्रोलियम विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में इस कमी की सूचना देते हुए कहा गया है कि नई कीमतें 23 मई (शनिवार) से प्रभावी होंगी। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब सरकार ने ईंधन की कीमतों में कमी की है। पिछले सप्ताह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 5 रुपये की कमी की गई थी। पेट्रोल का उपयोग मुख्य रूप से निजी परिवहन, छोटे वाहनों, रिक्शा और दोपहिया वाहनों में होता है और यह मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के बजट पर सीधा प्रभाव डालता है। हाई-स्पीड डीजल का उपयोग मुख्य रूप से भारी परिवहन क्षेत्र और बड़े जनरेटरों में होता है। 28 फरवरी को शुरू हुए और अब स्थगित हो चुके अमेरिका-इजरायल के ईरान पर युद्ध के बाद से सरकार हर शुक्रवार की रात को पेट्रोलियम की कीमतों में संशोधन कर रही है।

## दुनियाभर में जानवर-पक्षी हो रहे अधिक गुस्सैल

**लंदन, एजेंसी।**

शहरों में रहने वाले जानवर और पक्षी अब पहले से कहीं ज्यादा निडर, जोखिम लेने वाले और आक्रामक हो रहे हैं। शहरी माहौल ने उनके प्राकृतिक स्वभाव को पूरी तरह बदल दिया है। ब्रिटिश इकोलॉजिकल सोसायटी से जुड़ी रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट में 28 देशों के 133 अलग-अलग जीवों पर किए अध्ययन को शामिल किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, शहरों में लगातार शोर, रोशनी और भीड़ उनमें तनाव पैदा कर रही है। तनाव के कारण कई प्रजातियों में चिड़चिड़ापन और आक्रामक व्यवहार बढ़ रहा है। इसके अलावा कृत्रिम रोशनी और लगातार गतिविधि जानवरों की जैविक घड़ी को प्रभावित कर रही है।



इससे उनका सामान्य व्यवहार भी बदल रहा है।

शहरों में रहने वाले वन्यजीव अब जंगलों या गांवों के मुकाबले कहीं ज्यादा निडर और आक्रामक हो रहे हैं।वैज्ञानिकों का कहना है कि शहरी माहौल में ढल चुके ये जीव अब किसी भी नए माहौल में जाने या जोखिम उठाने से बिल्कुल नहीं डरते। आमतौर पर माना जाता है कि शहरों में चूहे, कबूतर, गिलहरी या कौवे ही इंसानों के करीब आते हैं, लेकिन जंगलों और खेतों में रहने वाले छोटे पक्षी भी शहरों में आकर निडर हो रहे हैं। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि जानवरों का यह निडर स्वभाव इंसानों और वन्यजीवों के बीच टकराव को बहुत बढ़ा देगा। जब जानवर भोजन के लालच में इंसानों के बेहद करीब आने लगेंगे, तो हमलों और बीमारियों के फैलने का खतरा दोनों के लिए पैदा हो जाएगा।

### खाने के लिए प्रतिस्पर्धा

कूड़ा, बचा हुआ खाना और फीडर जैसे स्रोत सीमित होते हैं। इसलिए जानवरों में खाने के लिए लड़ाई और आक्रामकता बढ़ सकती है। वहीं, जंगल और खुले क्षेत्र घटने से जानवर शहरों में घुस रहे हैं।

**बलरामपुर**

## अवैध हेल्थ केयर सेंटर पर कार्रवाई, एमएस हेल्थ केयर सेंटर सील

**सीएमओ के निर्देश पर गठित जांच टीम ने किया औचक निरीक्षण, अनियमितताएं मिलने पर कार्रवाई**

**देश की रोशनी, संवाददाता।**

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर के निर्देश पर शनिवार को क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत गठित जांच टीम द्वारा गान्धौर नगर चौराहा फिरोजपुर स्थित एमएस हेल्थ केयर सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. वाहिद अली मरीजों का उपचार करते हुए पाए गए।जांच के दौरान हेल्थ केयर सेंटर में विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर जनहित को ध्यान में रखते हुए टीम ने तत्काल प्रभाव से एमएस हेल्थ केयर सेंटर को सील करने की कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं में मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।निरीक्षण टीम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय भान, चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकल्प मिश्रा तथा स्टाफ सदस्य दिनेश त्रिपाठी शामिल रहे।मुख्य चिकित्सा विभाग की ओर से आमजन से अपील की गई है कि उपचार केवल पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त चिकित्सा संस्थानों से ही कराएं, ताकि सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। साथ ही लोगों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया गया।स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज, टीबी उपचार, बीपी-शुगर जांच, जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की विशेष जांच, नियमित प्रसव पूर्व जांच तथा एनसीडी स्क्रीनिंग एवं चिकित्सा परामर्श जैसी सुविधाएं सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर उपलब्ध हैं।

# बलरामपुर की जनता का प्यार कभी नहीं भूल सकताः पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह

**देश की रोशनी, संवाददाता।**

**उतरौला (बलरामपुर)।** गैंड़ास बुजुर्ग क्षेत्र में आयोजित एक दुकान उद्घाटन समारोह उस समय राजनीतिक और सामाजिक चर्चा का केंद्र बन गया, जब कार्यक्रम में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने पुराने राजनीतिक सफर, जनता से मिले समर्थन और बदलते राजनीतिक माहौल को लेकर खुलकर बातचीत की। अपने संबोधन में उन्होंने बलरामपुर की जनता के प्रति विशेष आत्मीयता जताते हुए कहा कि कठिन समय में जिले की जनता ने जिस तरह उनका साथ दिया, उसे वह कभी नहीं भूल सकते।पूर्व सांसद ने कहा कि जब उनके राजनीतिक जीवन में कठिन दौर आया था, तब बलरामपुर जिले की जनता ने उन्हें भरपूर समर्थन देकर संसद तक पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा कि बहुत कम समय में यहां के लोगों ने उन्हें चुनाव जिताकर जो भरोसा जताया था, वह उनके लिए जीवनभर यादगार रहेगा। उन्होंने विशेष रूप से उतरौला विधानसभा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां के लोगों का स्नेह और समर्थन हमेशा उन्हें भावनात्मक रूप से जोड़कर रखता है।अपने संबोधन के दौरान बृजभूषण शरण सिंह ने वर्तमान राजनीतिक माहौल और नेताओं की छवि में आए बदलाव पर भी टिप्पणी की। हाईकोर्ट द्वारा असलहों की जानकारी मांगे जाने के विषय पर उन्होंने कहा कि यह एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है और इसमें किसी तरह की असामान्य बात नहीं है। उन्होंने हल्के अंदाज में कहा कि अब असलहा साथ लेकर चलने का दौर बदल चुका है और यह अब एक अतिरिक्त बोझ जैसा महसूस होने लगा है।उन्होंने कहा कि पहले समाज में असलहाधारी नेताओं को प्रभावशाली माना जाता था, लेकिन समय के साथ जनता की सोच बदली है। आज लोग ऐसे जनप्रतिनिधियों को अधिक पसंद करते हैं जो सीधे जनता के बीच रहें, उनकी समस्याएं सुनें और सहज तरीके से लोगों से जुड़ाव बनाए रखें। उन्होंने कहा कि राजनीति में अब व्यवहार, संवाद और जनसंपर्क की अहमियत पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।





कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि वह एक भाजपा कार्यकर्ता के आग्रह पर इस छोटे से उद्घाटन समारोह में शामिल होने पहुंचे हैं। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही समर्थकों और स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। बड़ी संख्या में युवा उनके साथ तस्वीरें खिंचवाते दिखाई दिए, वहीं महिलाओं से भी उन्होंने मुलाकात कर हालचाल जाना। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्साह और राजनीतिक चचाओं का माहौल बना रहा।इस अवसर पर रामप्रताप वर्मा, राकेश तिवारी, हेमंत जायसवाल, अनूप गुप्ता, तोताराम वर्मा, राजेश तिवारी, महेंद्र सिंह, शैलेश गुप्त तथा राजेश गुप्त सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन स्थानीय लोगों से संवाद और शुभकामनाओं के आदान-प्रदान के साथ हुआ।

## लाइनमैन की अभद्रता से उपभोक्ताओं में रोष

**देश की रोशनी, संवाददाता।**

**बलरामपुर।** हरिहरगंज उपकेन्द्र के लाइनमैन कृष्ण कुमार द्वारा उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बिजली समस्या को लेकर शिकायत करने पहुंचे लोगों से लाइनमैन ने ठीक ढंग से बात नहीं की और उल्टा बहस करने लगा। इससे उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन बिजली कटौती और फाल्ट की समस्या बनी रहती है। शिकायत करने पर समाधान करने के बजाय लाइनमैन द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। लोगों ने आरोप लगाया कि लाइनमैन फोन उठाने में भी आनाकानी करता है और शिकायतकताओं को धमकाने का प्रयास करता है। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

# ईद-उल-अजहा की तैयारियों से गुलजार हुए बाजार, बकरों की खरीदारी में बढ़ी रौनक

**देश की रोशनी, संवाददाता।**

**उतरौला (बलरामपुर)।** ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व नजदीक आते ही उतरौला नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में त्योहार की रौनक साफ दिखाई देने लगी है। बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है और बकरों की खरीद-बिक्री तेज हो गई है। नगर से लेकर गांवों तक जगह-जगह अस्थायी मंडियां सज गई हैं, जहां दूर-दराज से व्यापारी विभिन्न नस्लों के बकरे लेकर पहुंच रहे हैं। सुबह से शाम तक खरीदारों की भीड़ बाजारों में उमड़ रही है और लोग अपनी पसंद के जानवरों की तलाश में जुटे हैं।उतरौला, श्रीदत्तगंज, कपौवा, रमवापुर, महादेइया, चमरूपुर, रेहरा, रानीपुर, पेहर, गोवर्धनपुर, चिरकुटिया, बकसरिया, लालगंज और हुसैनाबाद सहित क्षेत्र के कई प्रमुख हाट बाजार इन दिनों बकरीद की तैयारियों से गुलजार हो उठे हैं। बाजारों में तोतापरी, जमुनापारी और बरबरी नस्ल के बकरों की सबसे अधिक मांग देखी जा रही है। व्यापारी अपने बकरों की खूबियां बताते नजर आ रहे हैं, वहीं खरीदार मोलभाव कर पसंदीदा जानवर खरीद रहे हैं।



कई स्थानों पर गलियों और मोहल्लों में भी घूम-घूमकर बकरों की बिक्री की जा रही है। बच्चों और युवाओं में बकरों को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। लोग अपने घरों में बकरों की देखभाल और सजावट की तैयारियों में भी जुट गए हैं। बाजारों में देर रात तक भीड़ बनी रहने से त्योहार का माहौल और अधिक जीवंत हो गया है।

सिर्फ बकरों की मंडियां ही नहीं, बल्कि कपड़ों, टोपी, इत्र, जूते-चप्पल और सेवइयों की दुकानों पर भी भीड़ बढ़ने लगी है। महिलाएं और बच्चे नए कपड़ों की खरीदारी में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं। मिठाई और सेवइयों की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। दुकानदारों का कहना है कि बकरीद नजदीक आते ही कारोबार में तेजी आई है और आने वाले दिनों में भीड़ और बढ़ने की उम्मीद है।मुस्लिम धर्मगुरुओं ने लोगों को बकरीद के धार्मिक और सामाजिक महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह पर्व त्याग, समर्पण और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि कुबार्नी केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की मदद और समाज में भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम भी है। उन्होंने लोगों से पर्व को सादगी, स्वच्छता और आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।उधर पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन भी सतर्क हो गया है।

# महिलाओं को सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

**देश की रोशनी, संवाददाता।**

**उतरौला (बलरामपुर)।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली उतरौला पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उतरौला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों तथा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय तथा क्षेत्राधिकारी रघुवेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन थाना कोतवाली उतरौला के प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा किया गया।जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य और महिला सहायता केंद्रों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया और जागरूकता संबंधी जानकारी भी दी।कार्यक्रम के दौरान महिला अपराधों, महिला हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न तथा घरेलू हिंसा जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की प्रताड़ना या अपराध की स्थिति में वे बिना डर के पुलिस और हेल्पलाइन सेवाओं का सहारा लें। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी घटना की तुरंत शिकायत करने के लिए प्रेरित किया गया।

इसके साथ ही साइबर अपराधों को लेकर भी लोगों को सतर्क किया गया। टीम ने ओटीपी शेयरिंग, लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मार्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड, पेंशन धोखाधड़ी तथा ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी देते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए। लोगों को समझाया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी या निजी दस्तावेज साझा न करें और संदिग्ध कॉल या लिंक से सतर्क रहें।पुलिस टीम ने महिलाओं एवं बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। इस दौरान महिला हेल्पलाइन 1090, यूपी आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102 एवं 108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन 1930/155260 तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के बारे में विस्तार से बताया गया। उपस्थित लोगों से कहा गया कि किसी भी आपात स्थिति में इन सेवाओं का तत्काल उपयोग करें।कार्यक्रम के दौरान सीएचसी परिसर में मौजूद महिलाओं और बच्चों ने जागरूकता अभियान में रुचि दिखाई तथा पुलिस टीम द्वारा दी गई जानकारी को उपयोगी बताया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जाते रहेंगे, ताकि महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित एवं जागरूक बनाया जा सके।